प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

**सुविचार**

संसार में कोई भी मनुष्य
सर्वगुण सम्पन्न नहीं होता,
इसलिए कुछ कमियों को
नजरंदाज करके रिश्ते बनाए रखिये!!

श्रीमद् भगवद् गीता

www.purvanchalsurya.com


# पूर्वांचल सूर्य

आवाज आज की, नज़र कल पर

रांची ➢दिल्ली➢देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306

वर्ष - 17 | अंक 266 | दैनिक | रांची | शनिवार 11 मई 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00



10

## अक्षय तृतीया पर बांके बिहारी के 2 लाख भक्तों ने किए चरण दर्शन

**साल में सिर्फ एक बार होते हैं, 1 किमी लंबी लाइन,10 लाख के पहुंचने का अनुमान**



मथुरा (एजेंसी)। मथुरा के वृंदावन में अक्षय तृतीया पर शुक्रवार को बांके बिहारी में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। बांके बिहारी को सुबह चंदन का लेप लगाया गया। फिर श्रृंगार हुआ। साल में केवल आज ही के दिन भगवान बांके बिहारी के सभी अंगों पर चंदन लगाया जाता है। भक्तों को उनके चरण दर्शन भी कराए जाते हैं। चरण दर्शन भी साल में सिर्फ आज ही के दिन कराए जाते हैं। शुक्रवार को बांके बिहारी मंदिर के पट सुबह 5 बजे खुले। सबसे पहले मंदिर के पुजारी अंदर गए। देहरी पूजन किया। गर्भगृह में पहुंचकर भगवान का अभिषेक किया और फिर चंदन का लेपन कर श्रृंगार किया। आम भक्तों के लिए मंदिर के पट सुबह 7 बजे खोल दिए गए। सुबह 10 बजे तक 2 लाख से ज्यादा भक्त दर्शन कर चुके हैं। मंदिर के गेट नंबर-2 और 3 से



भक्तों को एंट्री दी जा रही है। गेट नंबर-2 पर एक किमी लंबी लाइन लगी है। प्रशासन को शाम तक 10 लाख भक्तों के पहुंचने का अनुमान था। 12 से 4 बजे तक मंदिर बंद रहा। आज भगवान बांके बिहारी को पैरों में पायजेब और लटकनदार हार धारण कराया गया है। शाम के समय सर्वांग दर्शन हुए। यानी भगवान के पूरे शरीर के। भगवान के शरीर पर चंदन का लेप होगा और वह धोती पहने हुए थे। मंदिर के सेवायत आचार्य प्रह्लाद वल्लभ गोस्वामी ने बताया- चंदन खासतौर पर बेंगलुरु से मंगवाया गया है। चंदन के आधा-आधा किलो के 4 लड्डू सुबह, दोपहर, शाम बांके बिहारी के चरण में रखे जाते हैं। पूरे दिन भक्तों के जरिए 200 किलो चंदन चढ़ाए जाने का अनुमान है। मैसूर से चंदन की लकड़ी मंगाई गई थी।

## आइएनडीआईए गठबंधन के नापाक इरादे को जनता सफल होने नहीं देगी- अमित शाह

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो

**खूंटी।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में शुक्रवार को कचहरी मैदान में आयोजित महा विजय संकल्प सभा को देश के गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधित किया। उन्होंने पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए खूंटी से अर्जुन मुंडा को जीताने की अपील की। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत यहां के शहीदों को नमन करने के साथ किया। उन्होंने कहा कि भारत से अंग्रेजों को निकालने का काम भगवान बिरसा मुंडा ने किया था।2025 में मुंडा का150 वीं जयंती को गौरव दिवस के रूप में मानने का निर्णय लिया है। सत्ता पाने के लिए जेएमएम कांग्रेस के साथ है। उस कांग्रेस ने यहां की खनिज संपदा को लूटने का काम किया है। कांग्रेस के राज में आदिवासियों का कोई ध्यान नहीं रखा गया था। भाजपा ने जन जातीय आयोग और मंत्रालय का गठन किया है। राहुल बाबा जनजातीय कल्याण की बात करते हैं। 75 सालों तक राज किया कभी आदिवासी को राष्टपति नहीं बनाया। भाजपा ने द्रोपदी मुर्मू को राष्टपति बनाने का काम किया। कांग्रेस के शासन में नक्सलवाद चरम पर था। इसलिए विकास इस क्षेत्र में नहीं हुआ। भाजपा की सरकार बनी तो विकास की गंगा बहाने का काम किया है। बूढ़ा पहाड़ पर नक्सलियों को खदेड़ने का काम किया गया।दो सौ करोड़ रुपए खर्च कर ट्राइबल म्यूजियम बनाने का काम किया जा रहा है। आदिवासियों के विकास के लिए कांग्रेस शासनकाल में 29 हजार करोड़ था।जबकि



भाजपा ने एक लाख करोड़ रुपए किया। एकलव्य विद्यालय गया।

आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए जिला मिनिरल फंड से किया जा रहा है।जेएमएम कांग्रेस का समर्थन कर रही है। पिछले 60साल में कांग्रेस ने क्या किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भाजपा ने कराया। जबकि कांग्रेस ने इसे लटका कर रखा। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में राहुल गांधी नहीं आए। वे अपने वोट बैंक से डरते हैं। वे घुसपैठियों को संरक्षण देते हैं। घुसपैठी आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं उनके बेटी के साथ शादी कर रहे हैं। इस क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा को जीताइए,यहां पर परिंदा भी पर भी नहीं मार सकता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने धारा 370 को खत्म करने का काम किया।कांग्रेस गरीबी हटाओ केनाम पर चुनाव जीता लेकिन गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने पीएम मोदी ने जनता को मुफ्त में कोरोना का टीका देने का काम किया। राहुल गांधी ने कोरोना टीका का विरोध किया था। 12 करोड़ शौचालय बनाने का काम किया,आवास देने का काम किया। पीएम मोदी ने गरीबों को आयुष्मान कार्ड से पांच लाख रुपए तक का मुफ्त में इलाज की व्यवथा किया। कांग्रेस के सांसद के घर पर साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए मिले। दो दिन पहले कांग्रेस मंत्री के घर से पैंतीस करोड़ रुपए बरामद हुए। कांग्रेस के राज में मनरेगा,जमीन घोटाला,शराब का घोटाला हुआ है। जो भी रुपए इन लोगों ने गरीब का खाया है उसे उल्टा लटका कर वापस लेंगे। खूंटी में जलापूर्ति की समस्या है। जेएमएम की सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया। लेकिन पीएम मोदी खूंटी के हर घर में नल जल योजना से एक एक घर में पानी पहुंचाएंगे। इनलोगों ने रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी बनाने नहीं दिया। यहां पर पीएफआईटी को बढ़ावा दिया जा रहा है। पीओके भारत का हिस्सा है। लेकिन कांग्रेस पाकिस्तान की भाषा बोलती है।अर्जुन मुंडा ने यहां पर बहुत सारे काम किया है।

उन्होंने अर्जुन मुंडा के कार्यों का उल्लेख किया। कड़िया मुंडा को इसी धरती से बड़ा आदमी बनाया। अर्जुन मुंडा को प्रचंड बहुमत से विजय बनाए।

वहीं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने

महा विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे देश में शांति का वातावरण है। देश विकास करना चाहता है। पीएम मोदी आज भारत को 21 वीं सदी के भारत को सशक्त करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन धन बल से चुनाव जीतना चाहता है। भाजपा के संकल्प में देश का सम्मान और संकल्प है। गरीब के घर का चुल्हा जलता रहे,युवाओं को रोजगार मिले,गरीबों का जीवन स्तर बेहतर हो यह संकल्प है। भाजपा की सरकार पिछली पंक्ति वाले लोगों को आगे लाना चाहती है। भारत के लोगों को स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया है।

उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि 2014 से पहले देश में क्या होता था सभी जानते हैं। कई उद्योगपति देश का अरबों रुपए लेकर विदेश भाग गए।आज तक वह वापस नहीं लौटा। बाईपास का निर्माण जल्द पूरा होगा। खूंटी आने वाले दिनों में ज्ञान आधारित शहर के रूप में विकसित होगा। रक्षा कॉलेज बनाएगा। मेडिकल कॉलेज खरसांवा में बनने वाला है। केंद्र से हमलोग राज्य को विकास करने पैसा भेजते हैं,राज्य सरकार खर्च नहीं कर पाती है। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण भाजपा ने दिया है। इंडी गठबंधन के लोग जनता के बीच भ्रम पैदा कर रहे हैं। उनके भ्रम में जनता पड़ने वाली नहीं है।

चुनावी सभा में आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि यह गौरव की बात है कि बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मानने की घोषणा पीएम मोदी ने किया है। आज मोदी का नाम बच्चा बच्चा जान रहा है।यह चुनाव आम नहीं है। कांग्रेस ने कैबिनेट मंत्री जेएमएम से बनाया। भारत के कैबिनेट में पहली बार खूंटी से सांसद अर्जुन मुंडा को बनाया गया है।

श्री महतो ने कहा कि राहुल गांधी सरना कोड की बात करते हैं। उसने अपने शासनकाल में क्यों नहीं इसे लागू किया। यह वोट की राजनीति है। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है। सुदेश महतो ने खूंटी से अर्जुन मुंडा को जीताने की अपील की। खूंटी लोकसभा प्रभारी डॉक्टर रविंद्र राय, बीजेपी जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता,प्रदेश भाजपा नेता शिवनारायण सिंह,आजसू के जिला अध्यक्ष जयकांत कश्यप,दिनेश महतो, प्रदेश भाजपा के राजेंद्र मुंडा, लाडले खान सहित कई एनडीए के नेता मौजूद थे।

**कर्नाटक सेक्स स्कैंडल**

## एनसीडब्ल्यू बोला-किसी पीड़ित ने शिकायत नहीं की

**नई दिल्ली/बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक सेक्स स्कैंडल मामले में देशभर में सरगर्मी है। अब मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने 9 मई को कहा कि किसी भी पीड़ित ने प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं कराई। जो महिला हमारे पास शिकायत कराने पहुंची थी, उसने बताया कि उसे जबरन ऐसा करने के लिए कहा गया था। महिला आयोग ने एक्शन टेकन रिपोर्ट का भी हवाला दिया। इसके मुताबिक, यौन शोषण की शिकायत के आधार पर जो दो केस रजिस्टर हुए हैं एटीआर ने पीड़ितों द्वारा यौन शोषण की



शिकायतों के आधार पर दो मामलों के दर्ज होने का संकेत दिया। इसके साथ ही एक पीड़ित के रिश्तेदार की तरफ से अपहरण के लिए एक अतिरिक्त शिकायत भी दर्ज की गई। हालांकि, इस मामले में कोई भी पीड़ित आयोग में शिकायत दर्ज कराने के लिए नहीं आया है। महिला आयोग के मुताबिक, महिला ने कहा कि उसे कई नंबरों से कॉल कर शिकायत करने की धमकी दी गई। यह भी पता चला कि इस शिकायतकर्ता को लोगों के एक ग्रुप ने मजबूर किया गया था।

## ईरान ने जब्त किए जहाज से 5 भारतीयों को किया रिहा

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान ने 13 अप्रैल को जब्त किए जहाज एरीज पर सवार 5 भारतीय को रिहा कर दिया है। ईरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने गुरुवार को बताया कि सभी लोग भारत के लिए रवाना हो गए हैं। उन्होंने ईरान अधिकारियों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। दरअसल, इजराइल पर हमले से पहले ईरान ने भारत आ रहे पुर्तगाल के झंडे वाले एक जहाज को ओमान की खाड़ी में होर्मुज पास से जब्त किया था। इस पर 25 क्रू मेंबर मौजूद थे जिनमें 17 भारतीय और दो पाकिस्तानी थे। यह शिप इजराइली अरबपति की एक कंपनी का था। बचे हुए 11 सदस्य अब भी ईरान की कैद में हैं। इससे पहले 18 अप्रैल को एक भारतीय महिला कैडेट एन टेसा जोसेफ को रिहा किया गया था। भारत के विदेश मंत्रालय ने जोसेफ की रिहाई पर कहा था कि सरकार शिप पर मौजूद बाकी 16 भारतीयों के संपर्क में हैं।

## नक्सलियों के साथ फोर्स की एक बार फिर मुठभेड़

**जगदलपुर/बीजापुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शुक्रवार सुबह से ही सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। बताया जा रहा है की गंगालूर इलाके में पीडिया के जंगल में फोर्स के जवानों ने नक्सलियों के बड़े लीडर्स को घेर रखा है। नक्सलियों की पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के साथ जवानों की मुठभेड़ चल रही है। जानकारी मिली थी कि हार्डकोर नक्सली कमांडर लिंगा, पापाराव समेत बड़े लीडर्स का पीडिया में जमावड़ा है। नक्सलियों की कमेटी में बड़े नक्सली लीडर हैं। इसी सूचना पर दंतेवाड़ा, बीजापुर और



सुकमा इन तीन जिलों से फोर्स ने जॉइंट ऑपरेशन लॉन्च किया था। कोबरा बटालियन समेत फोर्स के 1200 से ज्यादा जवानों ने इलाके को घेर रखा है। सूत्र बता रहे हैं कि कुछ नक्सलियों को गोली लगी है। हालांकि, अधिकारी तौर पर इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। 15 अप्रैल को कांकेर जिले के माड़ इलाके में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया था। इनमें नक्सली लीडर शंकर राव भी शामिल था। मुठभेड़ में इंस्पेक्टर रमेश चौधरी सहित 3 जवान घायल हुए। उस दौरान मौके से 5 एके-47 बरामद की गई थीं।

## भारतीय मूल की उमा सोफिया ने लौटाया मिस टीन यूएसए का खिताब

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** भारतीय-मैक्सिकन मूल की उमा सोफिया श्रीवास्तव ने मिस टीन यूएसए का खिताब लौटा दिया है। उमा को पिछले साल, 2023 के लिए मिस टीन यूएसए का ताज पहनाया गया था। बुधवार को खिताब छोड़ने का ऐलान करते हुए श्रीवास्तव ने कहा कि उनके व्यक्तिगत मूल्य संगठन की दिशा के साथ पूरी तरह मेल नहीं खाते हैं। ऐसे में वह इस टाइटल को लौटा रही हैं। मिस टीन यूएसए ने उमा के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए उनकी सेवाओं के लिए उनका शुक्रिया करते हुए कहा कि हम अपने कर्तव्यों से हटने के उमा सोफिया के फैसले का सम्मान और समर्थन करते हैं। संगठन ने कहा कि हम जल्द ही नई मिस टीन यूएसए की ताजपोशी की घोषणा करेंगे। उमा के खिताब लौटाने से दो दिन पहले ही मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों का हवाला देते हुए नोएलिया वोइगट ने मिस यूएसए टाइटल छोड़ने का ऐलान किया है। उमा ने ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, कई महीनों से इस पर फैसला लेने की कोशिश कर रही थीं, जिस पर आखिरकार मैंने निर्णय लिया है। मैंने मिस टीन यूएसए से रिजाइन करने का फैसला लिया है।

## केजरीवाल को 1 जून तक जमानत लोकसभा चुनाव प्रचार कर सकेंगे

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा-मार्च में गिरफ्तारी हुई,ईडी डेढ़ साल तक कहां थी**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 1 जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी। उन्हें 2 जून को हर हाल में सरेंडर करने को कहा गया है। केजरीवाल दिल्ली शराब नीति मामले में 40 दिन (1अप्रैल) से तिहाड़ जेल में बंद हैं। अदालत ने दोपहर 2 बजे एक लाइन में फैसला सुनाया। आज शाम तक वे जेल से बाहर आ सकते हैं। हालांकि, उनके वकील ने 4 जून तक की रिहाई का अनुरोध किया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया एक जून को खत्म हो जाएगी। कोर्ट का पूरा ऑर्डर अभी तक नहीं आया है। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा, अगस्त 2022 में ईडी ने केस दर्ज किया। उन्हें मार्च (2024) में गिरफ्तार किया गया। डेढ़ साल तक वे कहां थे। गिरफ्तारी बाद में या पहले हो सकती थी। 22 दिन इधर या उधर से कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए। ईडी का कहना था कि चुनाव प्रचार जमानत का आधार नहीं हो सकता, क्योंकि ये कोई मौलिक या कानूनी अधिकार नहीं हो सकता। ईडी ने ये भी कहा था कि जमानत देने से गलत मिसाल कायम होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर बहस अगले सप्ताह जारी रहेगी। 20 मई से शुरू होने वाली गर्मी की छुट्टियों से पहले याचिका पर फैसला सुनाने का प्रयास करेगी।

## देश के सिर्फ 22 लोगों के लिए काम करते हैं नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राहुल गांधी ने एक चुनावी जनसभा के दौरान कहा कि नरेंद्र मोदी 22 लोगों के काम करते हैं। जिनके पास 70 करोड़ लोगों के बराबर पैसा है। इसके लिए इंडिया गठबंधन ने फैसला किया है कि हम 22 अरबपति की जगह करोड़ों गरीब परिवारों को लखपति बनाएंगे। यूपी के कन्नौज लोकसभा से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चुनावी मैदान में हैं। जहां उनके समर्थन में चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जनता से कहा कि बीजेपी और मोदी सरकार ने देश का पैसा केवल 22 लोगों को दिया है। ये पैसा 70 करोड़ लोगों के बराबर है। अगर मोदी सरकार 22 अरबपति तैयार कर सकती है तो हम करोड़ों गरीब परिवारों की एक सूची तैयार करके उन्हें लखपति बनाएंगे।



## कांग्रेस ने भगवान राम को नकारा, जनता कांग्रेस को नकारेगी : संजय सेठ

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने शुक्रवार को विद्यानगर में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अवसर पर श्री सेठ ने कहा कांग्रेस ने भगवान राम को काल्पनिक कहा, भगवान राम के अस्तित्व पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करने वाले पार्टी को जनता कभी माफ नहीं करेगी। कांग्रेस के लोग सनातनी को एड्स और आतंकवादी बताते हैं। सनातनी का विरोध करने वालों को कभी देश माफ नहीं करेगा। भगवान राम हम सबों के आराध्य हैं। उनका अपमान मतलब देश के 140 करोड लोगों का अपमान। जब मुग़ल और अंग्रेज शासन सनातन को खत्म नहीं कर पाए तो कांग्रेस की क्या औकात। कांग्रेस ने सनातनी धर्म को हमेशा अपमानित कर तुष्टिकरण की राजनीति की 500 वर्षों के बाद भगवान श्री राम का मंदिर बनकर तैयार हुआ। यह गौरव की बात है, परंतु कांग्रेसी इसे भी नहीं पचा पा रहे हैं। देश की जनता इस चुनाव में जवाब देगी। भारतीय जनता युवा



मोर्चा द्वारा शुक्रवार को अरगोड़ा रिलायंस फ्रेश से चापु टोला, लाजपत नगर ,में पदयात्रा एवं जनसंपर्क अभियान चलाया गया। रांची लोकसभा के प्रत्याशी सह सांसद सेठ ने पदयात्रा कर लोगों को मोदी सरकार के उपलब्धियां को बताया। उन्होंने कहा कोरोना कल में जब पूरे देश की इकोनॉमी डूब रही थी। वहीं भारत की इकोनॉमी आगे बढ़ रही थी। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व के कारण संभव हो सका है। इस कार्यक्रम में निवर्तमान पार्षद ओम प्रकाश, अशोक मिश्रा, राजेश कुमार, सुधीर सिंह, चंदन सिंह, युवा मोर्चा के रांची महानगर के अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह, गुड्डू सिंह, मुनेश्वर साहू, अमित साहू, सूरज साहू, विशाल साहू, प्रकाश साहू, सुचिता सिंह, रणजीत सिंह, मनोज तिर्की, विकास तिर्की, विजय पटेल सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड में दो लोगों को उम्रकैद की सजा

- मास्टरमाइंड माने जा रहे डॉक्टर तावड़े समेत 3 लोग हुए बरी, पुणे की कोर्ट ने 11 साल बाद सुनाया फैसला



**पुणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के प्रमुख नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड में 11 साल बाद शुक्रवार को कोर्ट का फैसला आया है। पुणे में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट के एडिशनल सेशन जज पीपी जाधव ने आरोपी सचिन अंदुरे और शरद कलस्कर को दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। हत्याकांड में कुल 5 आरोपी थे। इनमें डॉक्टर विरेंद्र सिंह तावड़े, विक्रम भावे और संजीव पुनालेकर को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। इनमें तावड़े, अंदुरे और कलस्कर जेल में हैं, जबकि पुनालेकर और भावे जमानत पर हैं। 20 अगस्त, 2013 को पुणे के महर्षि विट्ठल रामजी ब्रिज पर दो बाइक सवार अपराधियों ने दाभोलकर की गोली मारकर हत्या की थी। वीरेंद्र तावड़े पर दाभोलकर की हत्या की साजिश रचने का आरोप था। वह हत्याकांड का मास्टरमाइंड माना जा रहा था। दाभोलकर की हत्या के बाद अगले चार साल में तीन अन्य कार्यकर्ताओं की हत्याएं हुई थीं। फरवरी 2015 में कम्युनिस्ट नेता गोविंद पानसरे और उसी साल अगस्त में कन्नड़ स्कॉलर और लेखक एमएम कलबुर्गी की कोल्हापुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई।

# अक्षय तृतीया पर सोनारी में सेवा शिविर का आयोजन



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,जमशेदपुर।** अक्षय तृतीया के अवसर पर सेवा समिति सोनारी के तत्वावधान में शुक्रवार को सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के तरफ से भक्तजनों के बीच चना और सर्बत वितरण किया गया। समाज सेवक अमित श्रीवास्तव ने कहा कि अक्षय तृतीया के अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच काफी उत्साह देखा गया। कहा कि आने वाले समय में श्रद्धालुओं को और भी सुविधा मुहैया कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से लक्ष्मी मिश्रा दिनेश पांडे संजय पांडे श्याम सिंह जितेश सिंह सूरज हरपाल विवेक सिंह आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गर्व है कि जमशेदपुर रक्तदाताओं का शहर है ~ काले

## रेडक्रॉस भवन में आयोजित शिविर में 108 ने किया रक्तदान



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** रक्तदान एक महान कार्य है, इसे करने से किसी जरूरतमंद को जीवनदान मिलता है और रक्तदाता भी स्वस्थ रहता है। उक्त विचार समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले ने यहां साकची स्थित रेड क्रॉस भवन में स्व. लखि सरावगी एवं स्व. शशि सरावगी के स्मृति में रेड क्रॉस के पेट्रन रवि सरावगी के संयोजन में आयोजित रक्तदान शिविर का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन करते हुए व्यक्त किया। उनके साथ समाजसेवी पूरबी घोष, रेड क्रॉस के वाईस पेट्रन डी. के. घोष, शिवम सरावगी, एस.डी.पी. डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने भी उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि श्री काले ने रक्तदाताओं को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका उत्साह बढाया। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के साथ लॉयन्स क्लब ऑफ जमशेदपुर नार्थ ने शिविर में अपनी सहभागिता की। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने रक्तदाताओं का उत्साह बढाया। रक्तदान शिविर में कुल 108 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर संयोजक रवि सरावगी ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

# 30 जून से पूर्व होल्डिंग टैक्स जमा करने पर अधिकतम 15% तक की दी जाएगी छूट

## मानगो नगर निगम कार्यालय में राजस्व संग्रहण को लेकर बैठक का आयोजन



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम के अपर नगर आयुक्त रंजीत लोहरा की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्व संग्रहण को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राजस्व संग्रहण को लेकर आम लोगों से अपील की गई कि वह 30 जून 2024 से पूर्व यदि होल्डिंग टैक्स जमा करते हैं तो उन्हें अधिकतम 15त्न तक की छूट दी जाएगी। जबकि कर संग्रहणकर्ता को घर पर बुलाकर कर भुगतान करने पर करदाताओं को 5त्न की छूट दी जाएगी एवं स्वयं कार्यालय पर आकर यदि करदाता के द्वारा कर का भुगतान किया जाता है तो 2.5त्न की छूट दी जाएगी। जबकि ऑनलाइन माध्यम से जमा करने पर पांच प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त मानगो नगर निगम क्षेत्र के महिलाओं, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग, थर्ड जेंडर एवं भारतीय सेना में जल, दल एवं वायु में काम करने वालों को पांच प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जाएगी ।350 वर्ग फीट के भवन धृति कर से मुक्त रहेंगे परंतु उनका मूल्यांकन किया जाएगा। रंजीत लोहरा ने बताया कि 30 जून के उपरांत बकाया टैक्स पर एक प्रतिशत के दर से ब्याज देय होगा। बैठक में नगर प्रबंधक प्रदीप कुमार एवं स्पैरो टेक के कर्मी उपस्थित थे।

# भुवनेश्वरी देवी मंदिर के ईर्द-गिर्द का इलाका इको फ्रेंडली ~ सरयू राय

## जमशेदपुर में लघु भारत का परिदृश्य उभारने को विधायक ने लिखा टाटा मोटर्स को पत्र

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर में लघु भारत का परिदृश्य उभारने के संबंध में टाटा मोटर्स के प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी को एक पत्र लिखा है। उन्होंने भुवनेश्वरी देवी मंदिर के ईर्द-गिर्द के इलाके को लघु भारत का परिदृश्य उभारने हेतु सबसे बेहतर माना है। उन्होंने पत्र में श्री कुलकर्णी से गत माह, 17 अप्रैल को अपनी मुलाकात का भी जिक्र किया है। राय ने कहा कि भुवनेश्वरी देवी मंदिर के ईर्द-गिर्द का इलाका इकोफ्रेंडली है। श्री राय ने कहा कि जमशेदपुर में 'लघु भारत' का एक आकर्षक परिदृश्य स्थापित किया जा सकता है, जिससे एक स्थान पर भारतीय संस्कृति की समग्र झलक मिले और वहाँ जाने वालों को भारत की विविधता में एकता की सहज अनुभूति हो। वैसे भी जमशेदपुर को लघु भारत कहा जाता है। देश के सभी राज्यों, यहाँ तक कि पड़ोसी देश नेपाल की कला-संस्कृति, भाषा, वेश-भूषा, पूजा-पद्धति का प्रतिनिधित्व सौ साल से अधिक समय से जमशेदपुर में हो रहा है। विभिन्न समसामयिक अवसरों पर इसकी जीवंत झलक मिलती रहती है, जो अभिभूत करने वाली होती है। झारखंड की विविध कला-संस्कृति विधाओं एवं पड़ोसी राज्यों की समृद्ध कला-संस्कृति का दिग्दर्शन भी जमशेदपुर में आए दिन होते रहता है। श्री राय ने जमशेदपुर की तुलना एक ऐसी फुलवारी प्रतिनिधि से की, जहां विभिन्न रंगों और सुगंधों वाले पुष्प खिले हुए हैं। जमशेदपुर की यह विशेषता कला कर्मियों, रंगकर्मियों, निर्माण कर्मियों की परिकल्पनाओं के माध्यम से एक स्थल पर जीवंत हो जाए और आदि पौराणिक काल से अब तक की मानव विकास यात्रा क्रम का रेखांकन हो जाए तो यह देश में एक अनोखा प्रयोग के रूप में स्मरण किया जाएगा।

श्री राय ने बताया कि रामनवमी के बाद वह दिल्ली गये थे और वहाँ उन्होंने कला एवं संस्कृति के क्षेत्र के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों एवं व्यक्तियों से मिलकर इस बारे में चर्चा की। उनकी यह परिकल्पना उन्हें भी काफ़ी पसंद आई। श्री राय ने बताया कि वह मई के अंत में जमशेदपुर के स्थानीय कलाकारों, रंग कर्मियो एवं संस्कृति कर्मियों को जुटाकर उनका परामर्श प्राप्त करेंगे तथा प्लांट हेड को अवगत कराएंगे।

# मानगो में गंदा और बदबूदार पानी की सप्लाई, लोगों ने जमकर काटा बवाल

## लोगों की मूलभूत सुविधा से मंत्री जी को नहीं है कुछ लेना देना : विकास सिंह

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि



**जमशेदपुर।** मानगो के टीचर्स कॉलोनी में उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया जब मात्र दस मिनट के लिए पानी की सप्लाई हुई, वह भी इतना गंदा और बदबूदार था कि किसी भी कार्य में लोग गंदे पानी उपयोग नहीं कर सकते थे। गंदे और बदबूदार पानी की सप्लाई मिलते ही मानगो टीचर्स कॉलोनी के मूर्ति लाइन के लोगों ने भाजपा नेता विकास सिंह को मामले की जानकारी देते हुए मौके में बुलाकर गंदा और बदबूदार पानी दिखलाते हुए कहा कि विगत एक सप्ताह से मात्र दस से पंद्रह मिनट के लिए ही पानी की सप्लाई हो रही है। पानी गंदा देखकर लोग आक्रोशित हो गए तथा प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह को स्थानीय लोगों ने बाल्टी और बोतल में रखे हुए पानी को दिखलाते हुए बताया कि पानी की सप्लाई इतनी गंदी हुई है कि बाल्टी और पतीले में रखे पानी में गाद जमा हो गया है इसके साथ ही पानी इतना बदबू दे रहा है कि किसी भी कार्य के उपयोग में लाने लायक नहीं है। स्थानीय लोगों ने बताया की पानी के बिना कोई भी कार्य संभव नहीं है इसलिए लोगों ने बाजार से फिटकरी लाकर पानी की सफाई करने का प्रयास किया लेकिन फिटकरी डालने के बावजूद भी पानी साफ नहीं हुआ। मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने पानी का नमूना बोतल में लेकर उपायुक्त एवं पेयजल स्वच्छता विभाग के उच्च अधिकारी को देने की बात कहते हुए कहा कि ठेकेदारी प्रथा के कारण मानगो का पेयजल आपूर्ति योजना दम तोड़ रही है। रखरखाव एवं देखभाल के अभाव में कभी भी पूरा सिस्टम ठप हो सकता है। स्थानीय लोगों ने गंदा पानी के कारण महामारी फैलने की आशंका जताते हुए पेयजल स्वच्छता विभाग के खिलाफ में जमकर नारे लगाते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की।। मौके पर मुख्य रूप से कमलेश शर्मा ,छोटेलाल सिंह, सुशांतो प्रधान, सुबीर पाल, बापी पाल, कनक चौबे,विभा शर्मा, संजय साव, राजेश शर्मा, नेहा शर्मा, लालटू पाल, साहब चटर्जी ,दिव्यांश पाल, राम सिंह कुशवाहा, सी के ओझा सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# इंडीं प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में चलाया जनसंपर्क अभियान



पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**जगन्नाथपुर ।** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन की झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी के पक्ष में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष निसार हुसैन के नेतृत्व में मौलानगर में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस बार मोदी सरकार को दिल्ली से और सिंहभूम से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा को हटाकर देश में इंडिया गंठबधन की सरकार बनेगी। कहा कि यह भाजपा सरकार पूंजीपतियो की सरकार है। हम जैसे गरीबो के लिए नही है। केंद्र के भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के दस साल के शासन में महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार सहित कई अनियमितताएं हुई है। भाजपा झूठ की राजनीति करती है। जनता भाजपा के झूठे वादों से त्रस्त है। अब भाजपा वाले 400 पार का नारा लगाते हुए देश की संविधान बदलने एवं आरक्षण को समाप्त करने की बात कह रहे हैं। ऐसा कभी नहीं होने दिया जाएगा। जनविरोधी भाजपा सरकार को देश से उड़ने का मौका मिला है।

यहाँ की निर्वतमान सांसद गीता कोड़ा इस संसदीय क्षेत्र के जनता के साथ काफी धोखा दिया है। वे आदिवासी, दलित, पिछड़ा अल्पसंख्यके विरोधी भाजपा पार्टी की उर्मीदवार बन चुकी है जो यहां के लोगो के जल-जंगल जमीन को छिना चाहती है। भाजपा सरकार देश की संविधान और लोकतंत्र को समाप्त करना चाहती। यहा के पूर्व मुख्यमत्री मधु कोड़ा पिछड़ो के आरक्षण को भी अपने कार्यकाल मे इस जिला से समाप्त कर दिया है। अब मौका है कि भाजपा को हराकर इन्हे सबक सिखाने की।

इस मौके पर जिला सदस्य सोहेल अहमद,ज्वाला कोड़ा, मनोज लागुरी, लक्ष्मीनारायण लागुरी, महेंद्र तिरिया, चुमन लागुरी, मो.अकिब, मो,बादिल, मो.कर्लन, अनन्द करुवा, रोबड कोड़ा, कप्तान तिरिया, सोमनाथ सोय, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शमिल थे।

# गौरव दिवस के रूप में मनी भगवान परशुराम की जयंती

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि



**जमशेदपुर।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान परशुराम की जयंती गौरव दिवस के रूप में मनाई गई।समारोह का आयोजन ब्राह्मण शक्ति संघ के केन्द्रीय कार्यालय ह्यूम पाईप में किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्राह्मण शक्ति संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष डॉ पवन पाण्डेय एंव केन्द्रीय महासचिव अशोक पाण्डेय जी उपस्थित थे । कार्यक्रम में भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ पवन पाण्डेय ने कहा कि भगवान परशुराम ना सिर्फ भगवान विष्णु के छठे अवतार है बल्कि ज्ञान और शक्ति के अक्षय स्त्रोत हैं। इसलिए इनका अवतरण अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर हुआ। इन्होंने अपने ज्ञान के साथ ही साथ अपने पराक्रमी सुधाकर नाम के फरसे से उस वक्त के दुराचारी राजाओं को सत्ता के मद में चूर होकर कमजोर और लाचारो पर जुल्म करने के लिए सत्ता सहित समूल विनाश किया था । उस वक्त के दुराचारी राजाओं में इनके नाम मात्र का इतना भय था कि वे गलत करने के पहले सैकड़ों बार सोचते थे । आज सनातन धर्म को शक्तियां कमजोर करने के लिए प्रयासरत रहती हैं । इसका मूल कारण है कि ब्राह्मण समाज ने केवल ज्ञान को आधार बनाया है । जबकि शक्ति को भी आज ज्ञान के साथ ही साथ होना चाहिए । यह सीख हमें भगवान परशुराम की जीवनी से मिलती हैं ।

क्योकि ज्ञान को ही यह समझ होता है कि शक्ति का प्रयोग कब और किस प्रकार करना है । शक्ति हीन व्यक्ति या शक्ति हीन समाज की कहीं कोई पूछ नहीं होती है । हमारी मांग है कि सरकार भगवान परशुराम की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा करें। अशोक पाण्डेय ने कहा कि भगवान परशुराम की जयंती पर सारी ब्राह्मण जाती अपने अराध्य को नमन करती । कार्यक्रम में अशोक पाण्डेय, जितेन्द्र मिश्रा, सी, पी शुक्ला, रामानुज चौबे, संजय मिश्रा, संजय दुबे, मिथिलेश दुबे, उमलेश पाण्डेय, शैलेन्द्र झा, अभय पाण्डेय, बालाशंकर तिवारी, अजय ओझा,सुरेन्द्र पाण्डेय मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पटमदा में मुख्यमंत्री की चुनावी सभा 12 को, कल्पना सोरेन भी आएंगी

## पंडाल निर्माण का विधायक मंगल कालिंदी ने किया निरीक्षण



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, पटमदा।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी समीर मोहंती के पक्ष में 12 मई को राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन व पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन पटमदा के लोवाडीह मैंदान आएंगे और चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। दोनों को सुनने के लिए पटमदा - बोड़ाम समेत पूरे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता व ग्रामीण जुटेंगे। लोगों के बैठने के लिए लोवाडीह मैंदान में भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। शुक्रवार को निर्माणाधीन पंडाल का निरीक्षण करने जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी लोवाडीह मैंदान पहुंचे और पंडाल निर्माण कर रहे कारीगर को कई दिशा निर्देश दिए। विधायक ने हेलिकॉप्टर लेंडिंग के लिए हेलीपैड बनाने वाले जगह का निरीक्षण भी किया। विधायक कालिंदी ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि पटमदा में पहली बार इतनी बड़ी भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, कालीपद महतो,अश्विनी महतो, दयाल महतो, सिजेन हेम्ब्रम, मिलन दास, विश्वामित्र दास, संजय सिंह समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# होम वोटिंग के माध्यम से वृद्ध मतदाता ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग, पूरी प्रक्रिया के दौरान उपायुक्त रहीं मौजूद



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि ,हज़ारीबाग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में वृद्ध मतदाता ( 85+ ) एवं दिव्यांग मतदाता को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग के माध्यम से वोट दिए जाने का प्रावधान है। शुक्रवार ( 10 मई ) से प्रारंभ हुए होम वोटिंग में 14 हजारीबाग एवं 25 हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के वृद्ध मतदाता रामचंद्र पांडे उम्र,87 वर्ष जिनका मतदान केन्द्र संख्या 310 तथा मतदान केन्द्र संत कोलंबा महाविधालय, कॉमन रूम पूर्वी भाग में है, ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वृद्ध एवं दिव्यांगजनों के लिए प्रदान किए गए होम वोटिंग की सुविधा का लाभ लेते हुए उन्होंने अपने घर में ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय मौजूद रहीं। उपायुक्त ने वृद्ध नागरिक रामचंद्र पांडे को होम वोटिंग की हर बारीकियों से अवगत कराया। मतदान की पूरी प्रक्रिया संपन्न होने के बार वरिष्ठ मतदाता ने खुशी जाहिर की।बता दें 10 मई से 14 मई 2024 तक होम वोटिंग के माध्यम मतदान कराए जायेंगे।मौके पर अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया मौजूद थे।

# बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने एआरएमसी आईवीएफ फर्टिलिटी चेन का किया अधिग्रहण

**रांची।** सीके बिरला ग्रुप की कंपनी और भारत के अग्रणी आईवीएफ नेटवर्क बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने एआरएमसी आईवीएफ फर्टिलिटी चेन का अधिग्रहण किया है। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ के फिलहाल देशभर में 30 सेंटर्स है और मौजूदा अधिग्रहण के बाद इसका विस्तार दक्षिण भारत में केरल, कर्नाटकएवं तमिलनाडु में हो जाएगा। अधिग्रहण के बाद, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ के कुल 37 सेंटर्स हो जाएंगे। इस अधिग्रहण के साथ, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ देश में फर्टिलिटी समाधान ढूंढ़ रहे दंपत्तियों के लिएअग्रणी और भरोसेमंद पार्टनर के तौर पर अपनी पहचान को और मजबूत करेंगे। सीके बिरला ग्रुप देशभर में 50 वर्षों से उच्चस्तरीय स्वास्थ सेवा प्रदान करने के लिए जाना जाता है। बिरला ग्रुप के अस्पताल कोलकाता, जयपुर, गुरुग्राम और दिल्ली में हैं जो अत्याधुनिक मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर एवं टैक्नोलॉजी से लैस हैं। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफभारत की सबसे तेजी से बढ़ता हुआ ब्रैंड है जो श्रेष्ठ सेवा व सर्वश्रेष्ठपरिणाम के लिए जाना जाता है। इस मौके पर, अवंति बिरला, संस्थापक, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, सीकेबिरला हैल्थकेयर ने कहा कि बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ में हम 'श्रेष्ठसेवा, सर्वश्रेष्ठपरिणाम' के सिद्धांत का पालन करते हुए, गर्भधारण के विज्ञान के साथ केयर का मेल कराते हैं। हम दंपत्तियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर, फर्टिलिटी स्पेश्यलिस्ट, एंड्रोलॉजिस्ट व काउंसलर की सेवाएं एक छत के नीचे प्रदान करते हैं।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी का संसदीय क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान

## सरकार बनने पर 30 लाख युवाओं को मिलेगी सरकारी नौकरी : यशस्विनी सहाय

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता



**रांची/ईचागढ़।** रांची लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने शुक्रवार को सोनाहातू, इचागढ़, चांडिल और कुकरू प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से समर्थन मांगा। उन्होंने पदयात्रा, जनसंपर्क और बैठक कर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाने और राहुल गांधी व इंडिया गठबंधन के हाथों को मजबूत करने की अपील की।

जगह-जगह जनसंपर्क और बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने के वायदे के साथ मोदी सरकार सत्ता में आई थी। सत्ता में आने के बाद रोजगार देना तो दूर, करोड़ों युवाओं को मोदी सरकार ने बेरोजगार बना दिया। जिससे देश के युवा परेशान है। लेकिन अब युवाओं को चिंता करने की जरूरत नहीं, क्योंकि इंडिया गठबंधन की सरकार के सत्ता में आते ही 30 लाख खाली पड़े पदों पर युवाओं की बहाली होगी। कांग्रेस की सरकार युवाओं के लिए पांच करोड़ रुपए का नया स्टार्टअप फंड बनाएगी। इसके साथ ही हर शिक्षित युवाओं को एक लाख की अप्रेंटिसशिप का अधिकार दिया जाएगा। यशस्विनी सहाय ने कहा कि कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र के माध्यम से युवाओं, महिलाओं, किसानों के साथ समाज की सभी वर्गों के उत्थान और विकास की योजनाएं बनाई है। जिसका लाभ देश के आम लोगों को मिलेगा और उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने मतदाताओं से कांग्रेस को वोट देकर उन्हें विजयी बनाने की अपील की।

इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि देश की जनता जुमलों वाली मोदी सरकार से ऊब चुकी है। चुनाव से पूर्व किए गए सभी घोषणाओं को भाजपा के लोग जुमला कहते हैं। इस चुनाव में भी वह झूठी घोषणाएं करेंगे। जिसे चुनाव के बाद जुमला करार देंगे, ऐसे में लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि कांग्रेस मे वोट देकर यशस्विनी सहाय को भारी मतों से विजयी बनाएं और राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें।

कांग्रेस प्रत्याशी ने सोनाहातू प्रखंड के सोनाहातू बाजार, जमुदाग बाजार, जाड़ेया चौक, बारेंदा मोड़, टंगटंग चौक और मिलन चौक में लोगों से मिलकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इसके अलावा उन्होंने इचागढ़ के तिरूलडीह, कुकरू बाजार, सीरूम चौक, छातरडीह, परगामा, झीमरी, रघुनाथपुर, चांडिल बाजार, कादलबेड़ा और कपाली आदि ग्रामीण क्षेत्र में लोगों से जनसंपर्क कर समर्थन और वोट मांगा। इस अवसर पर काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# जेएमएम से विजय हांसदा और बीजेपी से ताला मरांडी ने किया नामांकन

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**साहिबगंज।** अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित राजमहल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के प्रत्याशी विजय हांसदा ने शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। हांसदा सिटिंग सांसद हैं। राजमहल में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में 1 जून को मतदान होगा।

विजय हांसदा ने अपना नामांकन पत्र साहिबगंज के उपायुक्त सह राजमहल लोकसभा निर्वाचन पदाधिकारी हेमंत सती को सौंपा। इस मौके पर महेशपुर विधायक स्टीफन मरांडी सहित दर्जनों समर्थक मौजूद थे। हांसदा इंडिया महागठबंधन के उम्मीदवार भी हैं। उन्हें कांग्रेस और राजद का समर्थन प्राप्त है। हांसदा का मुकाबला भाजपा के ताला मरांडी से है।





नामांकन के मौके पर विजय हांसदा की हौसला अफजाई करने के लिए झामुमो के कई वरिष्ठ नेता भी पहुंचे। वहीं, प्रस्तावक के रूप में जेएमएम के महेशपुर विधायक स्टीफन मरांडी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बरकतुल्ला खान आदि मौजूद थे। नामांकन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए विजय हांसदा ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए मैदान में उतर चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी को राजमहल लोकसभा क्षेत्र की जनता टक्कर देगी।

वहीं, शुक्रवार को ही भाजपा और एनडीए प्रत्याशी ताला मरांडी ने भी राजमहल संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार के रूप में निर्वाची पदाधिकारी हेमंत सती के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर विपक्ष के नेता अमर बाउरी, राजमहल विधायक अनंत कुमार ओझा, सिमोन मलतो, वेटरंस इंडिया के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष भुलन दुबे व अन्य मौजूद थे। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने अपनी जीत का दावा किया है।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी नलिन सोरेन ने किया नॉमिनेशन



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, दुमका।** दुमका संसदीय क्षेत्र (सुरक्षित) से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी नलिन सोरेन ने शुक्रवार को जिला निर्वाची पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे को सौंपा नामांकन पत्र। मौके पर झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन, मंत्री बसंत सोरेन, मंत्री बादल एवं मंत्री बन्ना गुप्ता समेत झारखंड मुक्ति मोर्चा के समर्थक एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने किया नॉमिनेशन



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, दुमका।** दुमका संसदीय क्षेत्र (सुरक्षित) से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने शुक्रवार को जिला निर्वाची पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे को सौंपा नामांकन पत्र। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी समेत भाजपा समर्थक मौजूद थे। नामांकन के पश्चात शहर के यज्ञ मैदान में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया.

## डॉ. एस एन अधिकारी ने जॉइन किया रजिस्ट्रार का पदभार



**प्रतिनिधि, दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के नवनियुक्त रजिस्ट्रार डॉ. सत्यनारायण अधिकारी ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। ज्ञात हो डॉ. बिनय कुमार सिन्हा का कार्यकाल सम्पन्न हो जाने के कारण राजभवन से प्राप्त एक पत्र के आलोक में गुरुवार को गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस .एन. अधिकारी को विवि का नया रजिस्ट्रार बनाया गया था। शुक्रवार को उन्होंने डॉ. बिनय कुमार सिन्हा से पदभार ग्रहण कर लिया वहीं निवर्तमान रजिस्ट्रार डॉ. बिनय कुमार सिन्हा ने स्नातकोत्तर हिंदी विभाग जॉइन कर लिया।

## निर्दलीय प्रत्याशी बाघराई सोरेन ने किया नॉमिनेशन



**प्रतिनिधि, दुमका।** दुमका संसदीय क्षेत्र(सुरक्षित) से निर्दलीय प्रत्याशी बाघराई सोरेन ने शुक्रवार को जिला निर्वाची पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे को सौंपा नामांकन पत्र। मौके पर श्री सोरेन के कई समर्थक मौजूद थे।

## भविष्य में स्कूल का परचम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लहराएं- श्रीमती बलिहार

पुसु प्रतिनिधि

**हजारीबाग।** युवा भारत के लिए एक बहुमूल्य संसाधन हैं, जो न केवल देश की उन्नति में बल्कि वैश्विक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता रखते हैं। उक्त बातें प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यालय सभागार में आयोजित झारखंड अधिविध परिषद दसवीं परीक्षा में राज्य स्तर पर प्रथम 10 स्थान पाने वाले इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय के मेधावी छात्राओं के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपने जो कर दिखाया है उसकी मनोकामना कई बच्चे करते हैं लेकिन आप सबने अपनी कड़ी मेहनत से इस चिराग को जलाया है। आप सबों ने यह पहला सोपान पार किया है। मैं कामना करती हूं कि भविष्य में बेहतर कैरियर विकल्प चुनकर आप पूरे राष्ट्र में अपना परचम लहराये और अपने स्कूल का नाम रोशन करें।



राज्यस्तर पर सिर्फ नौवें स्थान को छोड़कर प्रथम 10 स्थान पाकर इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय हजारीबाग की छात्राओं ने अपना परचम लहराया है। जिसमें प्रथम स्थान पर ज्योत्सना ज्योति 99.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान सना संजुरी 98.6 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर करिश्मा कुमारी एवं श्रष्टि सौम्या (98.4प्रतिशत ), चौथे स्थान पर सुप्रिया कुमारी ( 98.2 प्रतिशत), पांचवें स्थान पर सुकृति कुमारी एवं तनु राज मुक्ति 98प्रतिशत, छठे स्थान पर प्रेरणा तिर्की, सुभांगी सिंह एवं रिया कुमारी 97.8 प्रतिशत, सातवें स्थान पर अंकिता कुमारी एवं सिमरन कुमारी 97.6प्रतिशत, आठवें स्थान पर कल्पना कुमारी, तनुजा कुमारी कमल एवं पुष्पा कुमारी 97.4 प्रतिशत एवं दसवें स्थान पर सपना रानी, करिश्मा कुमारी एवं शुभ स्वर्ण 97 प्रतिशत हासिल किए हैं। उक्त सभी छात्राओं को आयुक्त महोदया के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके प्राचार्या महोदया को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या सह क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग सुमनलता टोपनो बलिहार ने उक्त सम्मान समारोह में राज्यस्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को धन्यवाद करते हुए अपने इसी जज्बे को बनाए रख भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने की शुभकामनाएं दी।


उक्त सम्मान समारोह में आयुक्त के सचिव उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग, अवर सचिव उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, कोषागार पदाधिकारी हजारीबाग, प्रमंडल कार्यालय के कर्मीगण, छात्राओं के अभिभावक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में अक्षय तृतीया उत्सव आयोजित

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल रांची द्वारा हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर विशेष उत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर दोपहर 12 बजे विशेष आरती करके उत्सव मनाया गया । सभी देवी देवताओं को नया पोशाक पहनाकर कोलकाता से मंगाए गए फूलों से दिव्या मनोहारी श्रृंगार किया गया। पंजीरी भिंगी हुई चनादाल ककड़ी खीरा शरबत कई प्रकार के मिष्ठान व नमकीन तथा फलों का भोग लगाया गया। मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के आचार्य ने गर्भग्रहों के सजावट के पहले खाटू नरेश को गंगाजल शहद गुड़ चीनी गुलाब फूल दूध आदि से महास्नान कर के गुलाब के विशेष रूह इत्र से मसाज किया गया। खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार खाटू नरेश के गर्भग्रीह में आज प्राकृतिक पंखा भी लगाया गया। मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने सर्वप्रथम प्राकृतिक पंखा डोला कर ठाकुर जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके बाद उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने क्रम अनुसार पंखा डोल्या विशेष आरती के बाद भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद खाटू नरेश का नियमित भोग लगाकर विश्राम आरती की गई । इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्याम सुंदर शर्मा अनिल नारनौली साकेत ढानढनिया प्रकाश मोदी अंकित सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे ।





### 111 वां श्री श्याम भंडारा आज

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 11 मई शनिवार को संध्या 5 बजे से 111वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन होगा। प्रवेश मोहन मधु कुमारी अपने परिजनों के साथ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे।

## रांची के 188 हज यात्री मदीना के लिए रवाना

### कोलकाता के दमदम हवाई अड्डा से दो विमानों ने भरी उड़ान

**वरीय संवाददाता , रांची।** शुक्रवार को रांची से 188 हज यात्रियों का दूसरा जत्था मदीना के लिए रवाना हुआ। हज यात्री गुरुवार को ही हटिया हावड़ा ट्रेन से कोलकाता पहुंच गये थे।हज यात्री कोलकाता से दमदम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से दो विमानों से मदीना के लिए रवाना हुए। पहला विमान 109 यात्रियों को लेकर 12ः25 में जद्दा के लिए उड़ान भरी। जबकि दूसरा विमान 2ः25 में रवाना हुआ। इस मौके पर हज यात्रियों की सेवा के लिए युवा झारखंड के संरक्षक व समाजसेवी अरसे आलम अपनी टीम के साथ दमदम हवाई अड्डा पर पहले से ही मौजूद थे। युवा झारखंड की ओर से ही हज यात्रियों के खाने-पीने की व्यवस्था की गई थी। टीम में जावेद अहमद, सोहेल मल्लिक, शकील अहमद चौधरी, तस्लीम रजा मदनी, शहाबुद्दीन, एकरामुल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। राज्य हज कमेटी के कार्यपालक अधिकारी आफताब अहमद भी हज जाने वालों की सेवा में मुस्तैद थे। दमदम हवाई अड्डा से पहले रवाना होने वाले विमान में बोकारो के 142 हज यात्री भी रांची के हज यात्रियों के साथ मदीना के लिए रवाना हुए।



## पीएन सिंह बने भाजमो के रांची लोकसभा क्षेत्र प्रभारी

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता ,रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष और रांची लोकसभा सीट से प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी के लोकसभा चुनाव के लिए पीएन सिंह को लोकसभा प्रभारी, आशीष शीतल मुंडा को सह प्रभारी और सोमेन दत्ता को इलेक्शन एजेंट नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को श्री तिवारी के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पार्टी के संरक्षक और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने किया। चुनाव कार्यालय आनंद काम्प्लेक्स, लालपुर, रांची में अवस्थित है।



## होम वोटिंग के माध्यम से बरही के 15 दिव्यांग व वृद्ध मतदाता ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, बरही।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में वृद्ध मतदाताओ ( 85 प्लस ) एवं दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग के माध्यम से वोट कराए जा रहे है। शुक्रवार को होम वोटिंग के माध्यम से बरही प्रखंड के गौरियाकरमा मे कारू गोप, सेवली देवी, करसो मे धनेश्वरी देवी, खोडाहर दौरवा कुंडवा मे बढ़न महतो, दौरवा खास मे मुनि देवी, रसोइया धमना दक्षिणी भाग मे रामधनी साहू, हरला उत्तर भाग मे नारायण भुइयाँ, अरुणा कुमारी, दुलमहा पश्चिमी भाग मे मो नौशाद, बेलादोहर मे जसवा मसोमात, जिरिया देवी, गुडियो पश्चिमी भाग मे बसंती देवी, बेलहरा मे मुंद्रिका देवी, विजैया उतरी भाग मे रुकनी देवी, किशुन सिंह ने होम वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान किया। बता दें 10 मई से 14 मई 2024 तक होम वोटिंग के माध्यम मतदान कराए जायेंगे। इस दौरान सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अंचलाधिकारी रामनारायण खलखो, जेपीएस सांवना मांझी समेत प्रखण्ड सह अंचल के कर्मचारी मौजूद रहे।

## आंदोलनकारी परिवार ने कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को समर्थन देने का लिया निर्णय

- झारखंड आंदोलनकारियों की ताकत को खंडित न होने दें -पुष्कर महतो
- बुढ़मू में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक आयोजित

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**रांची/बुढ़मू।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की रांची जिला इकाई की बैठक झारखंड आंदोलनकारी शहीद बुधवा उरांव स्मारक के समीप अम्बा बगीचा में हुई। बैठक की अध्यक्षता आबिद अंसारी व किशोर खंडित ने संयुक्त रूप से की।



बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता को समाप्त कर अलग पहचान, रोजी रोजगार, नियोजन व सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु. देने की मांग सरकार से की गई। लोकसभा चुनाव में आंदोलनकारी के परिवार के सदस्यों ने यशस्विनी सहाय के समर्थन में मतदान करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की ताकत व एकता को खंडित न होने दें। आंदोलनकारी मिलजुल कर लोकसभा के चुनाव में गोलबंद हो कर भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी जाति, पार्टी, धर्म की भावनाओं से ऊपर उठकर मतदान करें और अपनी पहचान, शक्ति एवं एकता को स्थापित करें। झारखंड अलग राज्य के मूल्य और साझा सांस्कृतिक विरासत को मिटने नहीं देना है।

केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी लोकसभा के चुनाव में अपनी पहचान को मिटने नही दें। झारखंड आंदोलनकारियों से ही राज्य की समृद्धि और पहचान है।

केंद्रीय संयोजिका सरोजिनी कच्छप ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनाने वालों की स्थिति काफी दयनीय है। इसके लिए राज्य सरकार पूरी तरह से झारखंड आंदोलनकारियों की अनदेखी करती रही है। इसलिए झारखंड आंदोलनकारी अपनी स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

बैठक में जिला अध्यक्ष दिनेश राम, सिकंदर राम, तेजू राम, अखिलेश सिंह, चूंदा उरांव ,सुखी उरांव, चमरू उरांव, रामदेव लोहार, संतोष कुमार रवि , रामपाल यादव, विशु उरांव, इतवारी देवी ,भागीरथ उरांव, विद्या देवी, तेजू राम , बुधराम उरांव, हाना मिंज, सुंदरी उराइन, बुधमणि देवी, गोईदा उरांव, चेची देवी जगदीश गंझू बुटन गंझू महावीर गंझू, शिव बालक लोहरा, बेंजामिन तिर्की ,विजय कुजूर बुद्धमनी देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## महिंद्रा नेक्सजेन में एक्सयूवी3 एक्सओ लॉन्च, 15 से होगी बुकिंग

**रांची।** महिंद्रा एक्सयूवी3 एक्सओ का भव्य लॉन्चिंग पुरे देश के साथ रांची में भी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के अधिकृत डीलर नेक्सजेन सोल्युशन में 10 मई को लॉन्च हुआ। यह कार देश की पहली सब कॉम्पैक्ट एसयूवी होगी, जिसमें पैनोरमिक सनरूफ दिया जाएगा। इसमें 20.1 केएमपीएल का माइलेज मिलेगा। इंडियन कार मेकर कार के कई फीचर्स टीजर के जरिए शेयर कर चुकी है। इसमें 10.25 इंच की टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 10.25 इंच की डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, 7 स्पीकर वाला हार्मन कार्डन साउंड सिस्टम, कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी और क्लाइमेट कंट्रोल जैसे फीचर्स दिए जाएंगे। कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी से यूजर स्मार्टफोन से एसी को कंट्रोल कर सकेंगे। इससे कस्टमर कार में बैठने से पहले केबिन को ठंडा कर सकेंगे। इसके अलावा, एक्सयूवी 3 एक्सओ में फेंग शेप्ड एलईडी डीआरएल, प्रोजेक्टर हेडलाइट, फॉग लैंप, इलेक्ट्रिक सनरूफ और नए डिजाइन के लेयर्ड स्पोक अलॉय व्हील दिए जाएंगे। एक्सयूवी 3 एक्सओ की कीमत 7.50 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है, यह कार महिन्द्रा एक्सयूवी 3 का फेसलिफ्ट है, जिसे अब एक्सयूवी 3 एक्सओ नाम से पेश किया गया। इस गाड़ी की बुकिंग 15 मई से शुरू होगी। जबकि इसकी डिलीवरी 26 मई से होगी। कस्टमर 21 हजार रूपए देकर कार की बुकिंग करवा सकते है। यह सात रंगों में उपलब्ध है। लॉन्चिंग के मौके पर मिसेस इंडिया 2024 फाइनलिस्ट मैरी स्टेला मिचेल, महिंद्रा के एरिया सेल्स मैनेजर राहुल रतनम, नेक्सजेन के जनरल मैनेजर उपेंद्र सिंह, सेल्स मैनेजर नीरज देओघरीआ मौजूद थे।



# ऐतिहासिक रामनगरी चुटिया हुआ शिवमय

- सुरेश्वर महादेव मंदिर के वार्षिकोत्सव पर कलश यात्रा में शामिल हुईं हजारों महिलाएं
- विधायक सीपी सिंह ने किया शिव भक्तों का स्वागत
- दस हजार से ज्यादा शिव भक्तों ने भंडारा में ग्रहण किया प्रसाद





विशेष संवाददाता

**रांची।** रामनगरी चुटिया शुक्रवार को पूरी तरह शिवमय हो गया। स्वर्ण रेखा घाट स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर के द्वितीय स्थापना दिवस पर आयोजित वार्षिकोत्सव के मौके पर निकाली गई कलश यात्रा में हजारों की संख्या में माताएं-बहनें और शिव भक्तों ने भाग लिया। इस मौके पर रामनगरी चुटिया पूरी तरह शिवमय हो गयी। कलश यात्रा में ढोल नगाड़ा मांदर तुरही के बीच ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव के नारे से पूरी चुटिया गूंजती रही। कलश यात्रा के शामिल शिव भक्तों का स्वागत करने के लिए रास्ते के दोनों और श्रद्धालु उनकी अगवानी के लिए खड़े थे। यात्रा में शामिल शिव भक्तों पर कई स्थानों पर पुष्प वर्षा की गई। कलश यात्रा में यजमान के रूप में मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश साहू पत्नी रेणु, आलोक कुमार अपनी पत्नी सरिता कुमार, रामशरण तिर्की अपनी पत्नी डॉक्टर चिंतामणि सांगा और रुपेश केसरी अपनी पत्नी शशि केसरी के साथ कलश लिए सबसे आगे चल रहे थे। चुटिया के बनस तालाब से जल लेकर महिलाएं वापस मंदिर परिसर लौटीं । कलश यात्रा में शामिल शिव भक्तों के स्वागत के लिए स्थानीय विधायक सीपी सिंह भी बनस तालाब के पास मौजूद थे। कलश में जल भरने के पूर्व पुरोहित गोपाल, पुरोहित मुरारी, पुरोहित शांतेश्वर, पुरोहित अरविंद पांडे, पुरोहित शशिकांत पांडे और पुरोहित सच्चिदानंद बाबा ने मंत्रोच्चार के साथ जल भरने की विधि संपन्न कराई। कलश में जल भरने के पश्चात कलश यात्रा वापस मंदिर परिसर पहुंचा, जहां पूरे विधि विधान के साथ उपरोक्त पुरोहितों ने धूमधाम के साथ पूजा अर्चना की। पूजा के बाद महाभंडारा का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजन में मंदिर कमेटी के महासचिव संतोष कुमार, युवा अध्यक्ष विक्रम साहू, मीडिया प्रभारी रतन लाल,

कृष्णा साहू, गुजा तिर्की, छात्रधारी महतो, केशव केसरी, रणजीत रामृ, रूपेश केसरी,

कलेश्वर साहू, संजय कुमार, नंदकिशोर ठाकुर, विक्रम साहू, संजय कुमार, कृष्णा कुमार, रितिक राज, धनंजय सिंह, मनपूरन नायक, ललिता महतो, सरिता देवी, किरण देवी, शत्रु नायक, राकेश साहू, किशोर नायक, मुकेश केसरी, केशव केसरी, गौतम साहू, निक्की साहू, बबलू साहू ने अहम भूमिका निभाई।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

### शैक्षणिक भ्रमण व्यवहारिक ज्ञान की अहम कड़ी - डॉ मुनीष गोविंद



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि ,हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की ओर से विद्यार्थियों को दामोदर घाटी निगम के चंद्रपूरा ताप विद्युत केंद्र का भ्रमण कराया गया।जहां विद्यार्थियों ने फाइनेंस, प्रोडक्शन, ह्यूमन रिसोर्स सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की। साथ ही सीटीपीएस के अधिकारियों की ओर से प्रशिक्षण सत्र का आयोजन कर खासकर प्रबंधन के छात्रों को पूरे कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई।इसके बाद विद्यार्थियों को पूरे पावर प्लांट का भ्रमण कराकर उनकी बारीकियों से अवगत कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण को आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण भी पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान भी होता है।जो उनके सोचने-समझने की क्षमता को भी विकसित करता है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष में कम से कम एक से दो बार अलग अलग समय पर संबंधित विषयों को आधार बनाकर शैक्षणिक भ्रमण कराया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों के समावेशी विकास में मददगार साबित होता है। प्रबंधन विभाग के डीन डॉ एसआर रथ व विभागाध्यक्ष रितेश कुमार ने बताया कि एमबीए और बीबीए में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को इस भ्रमण का अधिक लाभ मिलेगा। शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के डॉ विनीता, पूजा सिंह सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही। डॉ विनीता ने डीवीसी के प्रोजेक्ट हेड मनोज ठाकुर, असिस्टेंट मैनेजर मनमोहन सिंह, अभिषेक घटक, सिनियर मैनेजर ललन प्रसाद गुप्ता, एचआर रबिन्द्र कुमार, प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार समेत दामोदर घाटी निगम के चंद्रपूरा ताप विद्युत केंद्र के सभी अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## बजाज फिनसर्व मल्टी एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च

BAJAJ FINSERV

**रांची/मुम्बई/पुणे।** बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने बजाज फिनसर्व मल्टी एसेट एलोकेशन फंड के लॉन्च की घोषणा की। कंपनी के मुताबिक यह एक ओपन-एंडेड स्कीम है जो निवेशकों को विविध निवेश अवसर प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह फंड उच्च लाभांश उपजदेने वाली स्ट्रेटजी के साथ इक्विटी, गतिशील अवधि प्रबंधन के साथ ऋण, कमोडिटी और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट या इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट सहित विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में एक्सपोजर प्रदान करता है।

यह फंड विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में अलग-अलग आवंटन के साथ निवेश करता है। प्रोडक्ट लॉन्च के मौके पर, बजाज फिनसर्व एएमसी के सीईओ गणेश मोहन ने कहा, बजाज फिनसर्व मल्टी एसेट एलोकेशन फंड निवेशकों को एक ही निवेश के ज़रिये कई परिसंपत्ति वर्गों तक पहुंचने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। यह भारत का पहला मल्टी एसेट फंड है जो लाभांश देने वाली रणनीति प्रदान करता है। इस रणनीति का उद्देश्य निवेशकों को स्थिरता देना और उनका विकास करना है। फंड के परिसंपत्ति आवंटन संबंधी निर्णय के लिए आर्थिक कारकों के व्यापक मूल्यांकन, मूल्यांकन मेट्रिक्स और निवेशक व्यवहार जिम्मेदार होते हैं। निवेश के लिए हमारे पास एक सोच है, जो बाजार से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सूचना, मात्रा और व्यवहारिकता के मामले में बढ़त हासिल करने पर केंद्रित है। हमारा उद्देश्य एक सर्वांगीण पोर्टफोलियो पेश करना है जो विभिन्न बाजार परिदृश्यों में नेविगेट कर सके और लगातार रिटर्न दे सके। वहीं,बजाज फिनसर्व एएमसी के सीआईओ निमेश चंदन ने फंड की निवेश रणनीति के बारे में बताते हुए कहा, ÷हम व्यापक आर्थिक कारकों, वैल्यूएशन मेट्रिक्स और निवेशक व्यवहार पर विचार करते हुए परिसंपत्ति आवंटन के लिए एक अनुशासित दृष्टिकोण में विश्वास करते हैं।इक्विटी मामलों में फंड का प्रबंधन निमेश चंदन एवं सौरभ गुप्ता, फिक्स्ड इन्कम के लिए फंड का प्रबंधन निमेश चंदन एवं सिद्धार्थ चौधरी और कमोडिटी निवेश के लिए फंड का प्रबंधन विनय बाफना द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। नया फंड ऑफर में शुरुआती सदस्यता 13 मई को प्रारंभ होगी और 27 मई 2024 को बंद हो जाएगी। उसके बाद, सदस्यता के लिए यह ऑफर 6 जून 2024 को या उससे पहले चालू आधार पर खुलेगा।

## होम वोटिंग के माध्यम से दिव्यांग मतदाता ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग

**पुसू प्रतिनिधि,हज़ारीबाग़।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में वृद्ध मतदाताओ ( 85+ ) एवं दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग के माध्यम से वोट कराए जा रहे है। 10 मई को होम वोटिंग के माध्यम से विष्णुगढ़ प्रखंड के बारा गांव,खरना पंचायत के दिव्यांग मतदाता खिरोधर प्रसाद जिनका मतदान केंद्र संख्या 397 है उन्होंने होम वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान किया।

बता दें 10 मई से 14 मई 2024 तक होम वोटिंग के माध्यम मतदान कराए जायेंगे।

## माहेश्वरी महिला संगठन ने लगाया सेवा शिविर

### लोगों के बीच बांटे शरबत व अन्य पेय पदार्थ




**वरीय संवाददाता , रांची।** माहेश्वरी महिला संगठन रांची के सौजन्य से अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर माहेश्वरी भवन के सामने आने जाने वाले राहगीरों के बीच शरबत, चना, आम पानी का वितरण किया गया। साथ ही अन्नपूर्णा सेवा में भी सहयोग राशि प्रदान किया गया। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष किशन साबू, सचिव नरेंद्र लाखोटिया, महिला अध्यक्ष भारती चितलांगिया, सुमन चितलांगिया, विजयश्री साबू,अनीता साबू, लक्ष्मी चितलांगिया, शारदा लड्डा,बंदना मारू,कुमुद लखोटिया, ममता डागा, सीमा मालपानी, सरिता चितलांगिया के साथ अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने बालूमाथ में किया जनसंपर्क



- गांव गांव घूम कर जनता से मांगा विजय का आशीर्वाद
- भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो

**चतरा।** चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र में इस भीषण गर्मी के बीच चुनावी तापमान भी बढ़ने लगा है। प्रत्याशी अपने-अपने चुनाव क्षेत्र का भ्रमण कर जनता से अपने पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इसी क्रम में चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने शुक्रवार को बालूमाथ प्रखंड के बड़का, नगड़,शेरेगड़ा, चमातू, आरा, फुलबसिया, कारीमाटी, गणेशपूर, भगिया, केरीसरदम टोला, शांति गांव में जनसंपर्क कर चतरा क्षेत्र के विकास के लिए चतरा में भारी बहुमत से भाजपा को विजयश्री दिलाने की अपील किया।

क्षेत्र भ्रमण के पहले भाजपा प्रत्याशी श्री कलीचरण सिंह जी ने अपने आवासीय कार्यालय से चुनाव प्रचार के लिए चुनाव प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया ढ्ढ यह प्रचार वाहन चतरा लोकसभा के पांचों विधानसभा में जाकर मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ क्षेत्र के लोगों से भाजपा को विजयश्री दिलाने की अपील करेगा

भाजपा प्रत्याशी के जनसंपर्क कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रेम साव, चुनाव प्रभारी अर्जुन साव , मंडल अध्यक्ष लक्ष्मन कुशवाहा , किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष उमेश सिंह , सूरज साव एवं राजेंद्र साव, मुखिया विमला देवी , जिला अध्यक्ष उमेश सिंह , रोमेंद्र प्रसाद, प्रदीप यादव, लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा , राम गुप्ता , गिरधारी यादव, त्रिवेणी साव, रूपा देवी एवं रूबी देवी, मुखिया सुरेंद्र उरांव, प्रखंड महामंत्री विजय यादव , महेंद्र यादव एवं विजय कुमार गुप्ता, जिला कार्य समिति सदस्य सत्यनारायण साव, मुखिया परमेश्वर उरांव, त्रिवेणी साव, दामोदर साव, विजय यादव एवं विजय साव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

जनसंपर्क के दौरान उपरोक्त लिखित गांव में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों के बारे में जनता को अवगत कराया।

जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा है कि शनिवार को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का चतरा की धरती पर आगमन हो रहा है उनके स्वागत को चतरा के साथ इस पूरे क्षेत्र की जानता उन्हें सुनने को उत्साहित है ढ्ढ भाजपा प्रत्याशी श्री सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री की यह सभा ऐतिहासिक और लोगों के लिए अविस्मरणीय होगी ।

## पिछड़ों का आरक्षण काटकर मुस्लिमों को किसी कीमत पर देने नहीं देंगे - प्रतुल शाहदेव

- हज़ारीबाग़ लोकसभा स्तरीय मीडिया सेंटर का हुआ उद्घाटन
- हज़ारीबाग लोकसभा चुनाव में सबसे ज़्यादा वोट से चुनाव जीतने का बनेगा रिकॉर्ड



**प्रतिनिधि,हजारीबाग।** हज़ारीबाग़ लक्ष्मी सिनेमा कैंपस में भारतीय जनता पार्टी का लोकसभा स्तरीय मीडिया सेंटर का उद्घाटन प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, ज़िलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, लोकसभा के संयोजक टुन्नू गोप, पूर्व प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चन्द्रवंशी एवं ज़िला मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद ने संयुक्त रूप से फ़ीता काट कर किया। इस दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस की नीतियों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी विकास की बात करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में पाकिस्तान की सैनिक हमारे जवानों का सर काट कर ले जाती थी और कांग्रेस सरकार चुपचाप बैठे रहती थी किंतु मोदी सरकार में पाकिस्तान कटोरा लेकर भीख माँगने को मजबूर है। उन्होंने कहा की कांग्रेस दोहरी राजनीति करती है अब देश में एक विधान एक निशान चलेगा।उन्होंने कहा कि देश में विकास की गति को तेज करने के लिए वन नेशन वन इलेक्शन भी लागू होगा। डीबीटी के माध्यम से लाभूकों को पैसे ट्रांसफ़र हो रहे हैं जबकि राजीव गांधी ने खुद कहा था कि लाभूकों को 15 फ़ीसदी ही राशि पहुँचता है जबकि 85 फ़ीसदी बिचौलिये खा जाते हैं।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में 80 करोड़ को अन्न कल्याण योजना का लाभ मिल रहा है। किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत छह हज़ार रुपया मिल रहा है, उज्ज्वला योजना का लाभ मिल रहा है। तीस करोड़ से ज़्यादा को आयुष्मान योजना का लाभ किंतु हेमंत सरकार की लापरवाही का नुक़सान झारखंड वासियों को झेलना पड़ा है। आदिवासी समाज के आदिम जनजाति समूह के लिए 20000 करोड़ कोर्पस फण्ड की व्यवस्था की गई। संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस का रूप दिया।जबकि हेमंत सरकार पर सत्तर हज़ार करोड़ के घोटाले का आरोप है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का भला तो हेमंत सरकार ने नहीं किया किंतु अपने परिवार के लोगों का पूरा ख़याल रखा। अपने लोगों को ग़लत तरीक़े से खनिज खदानों का आवंटन किया। उन्होंने कहा कि चंपई सरकार भी हेमंत सरकार की पार्ट टू साबित हो रही है।उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी 14 सीट पर भाजपा की जीत सुनिश्चित है जबकि हज़ारीबाग़ लोकसभा चुनाव में सबसे ज़्यादा मार्जिन से जीतने का रिकॉर्ड बनाएगा। उन्होंने पिछड़ों के आरक्षण पर बोलते हुए कहा कि आरक्षण लागू होने के दौरान राजीव गांधी ने लोक सभा में 1990 में पिछड़ों के आरक्षण का विरोध किया था।कांग्रेस की केंद्र की सरकारों ने दस वर्ष तक मंडल कमीशन की रिपोर्ट को दबा कर रखा था।भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़ी आयोग को मान्यता दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुस्लिमों को पिछड़ों का आरक्षण देना चाहती है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी किसी भी हाल में पिछड़ों का हक़ मारने नहीं देगी। पिछड़ों का आरक्षण काटकर मुस्लिमों को देने नहीं देगी। भाजपा धार्मिक आधार पर आरक्षण के सख्त खिलाफ है। इंडी गठबंधन के लिए अल्पसंख्यक का अर्थ सिर्फ मुसलमान है इसीलिए इन्होंने सीएए का विरोध किया।तत्कालीन प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह ने कहा था की देश की संपदा पर पहला हक मुसलमानों का है।भाजपा ये नहीं होने देगी।प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा नेता मनमित अकेला और जुगनू सिंह, विवेक जोशी भी उपस्थित रहें।

## पांचवें चरण के लोकसभा प्रत्याशी जहां चुनाव प्रचार में पसीना बहा रहें वहीं शुक्रवार को बड़कागांव में होम वोटिंग के तहत 3 मतदाताओं ने किया वोट



पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**बड़कागांव।** 2024 के लोकसभा चुनाव 20 मई को पांचवां चरण चुनाव को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के 17 प्रत्याशी जहां चुनाव प्रचार प्रसार में पसीना बहा रहा है वहीं बड़कागांव प्रखंड में शुक्रवार को होम वोटिंग के तहत 3 मतदाताओं ने मतदान करके लोकतंत्र के महापर्व में भाग लिया। बताते चलें कि होम वोटिंग के लिए बड़कागांव चुनाव निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा 4 मतदाताओं को चिन्हित किया। वहीं उरीमारी पंचायत के 85 वर्षिय से ऊपर करमा करमाली के मृत्यु के बाद बड़कागांव में 3 मतदान बचा। सहायक चुनाव निर्वाचन निबंधन बालेश्वर राम के नेतृत्व में शुक्रवार को बूथ नंबर 110 मध्य विद्यालय जुगरा-चेपाकला में दिव्यांग रामदयाल महतो तथा 85 वर्षीय उपर कन्नी साव ने मतदान किया। वहीं तीसरा मतदान बूथ नंबर 174 प्लस 2 उच्च विद्यालय हरली में दिव्यांग विशाल कुमार ने किया। वहीं मतदान के समय विभिन्न राजनीतिक पार्टी के बूथ एजेंट उपस्थित थें।मतदान में मुख्य रूप से सहायक निर्वाचन पदाधिकारी बालेश्वर राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ रंजन जैने, रोहित कुमार मिश्रा, सोमनाथ कुमार, सेक्टर दंडाधिकारी बड़कागांव ,पुलिस पदाधिकारी, बीएलओ एवं अन्य कर्मचारी लोग शामिल थें।

## विद्यालय के बच्चों को दी गई कानून की जानकारी

**प्रतिनिधि,बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के निर्देशानुसार लीगल लिटरेसी क्लब के पारा लिगल वॉलिंटियर के द्वारा दहेज प्रथा,बाल श्रम,बाल विवाह,सड़क सुरक्षा से सम्बंधित कानून की जानकारी शुक्रवार को दी गई।पीएलवी मो0 इरफान एवं रीना साहू ने उपस्थित विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि बाल श्रम व बाल विवाह करवाना कानून अपराध है।इस दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा कानून से संबंधित कई जानकारी पूछी गई जिन्हें विस्तार पूर्वक बताया गया।इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य शिखा कुमारी सहित कई शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## प्रोफेशनल कांग्रेस के शक्ति कार्यक्रम का आयोजन आज

### कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय होंगी शामिल

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि ,रांची।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल के नेतृत्व में शनिवार ( 11 मई ) को करमटोली चौक स्थित रांची प्रेस क्लब में अपराह्न एक बजे से तीन बजे तक शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से रांची लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी यशस्विनी सहाय उपस्थित रहेंगी। प्रोफेशनल कांग्रेस की ओर से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

## स्वीप मतदाता जागरूकता वाहन को उपायुक्त ने दिखाई हरी झंडी

### समावेशी चुनाव को सफल बनाने में शहरी क्षेत्र के मतदाताओं की भूमिका अहम - जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**पुसू प्रतिनिधि,हज़ारीबाग़।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के संचार के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय के स्वीप कोषांग द्वारा प्रचार प्रसार के विभिन्न आयामों के माध्यम से अनेकों मतदाता जागरुकता अभियान चलाएं जा रहे है। इसी कड़ी में आज समाहरणालय भवन परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने स्वीप मतदाता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह जागरूकता वाहन नगर निगम क्षेत्र में प्रमुख चौक चौराहों, प्रमुख मार्गो में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए गुजरेगी। इस वाहन में पंजाबी ढोल,म्यूजिक, इलेक्शन रिलेटेड क्विज कॉन्टेस्ट,स्ट्रीट प्ले के साथ साथ कई कार्यक्रमों का समावेश होगा। उन्होंने बल देते हुए कहा कि शहरी इलाकों के मतदाताओं में मतदान को लेकर जागरूकता अभियान चलाने से भारत निर्वाचन आयोग के समावेशी चुनाव के परिकल्पना को साकार किया जा सकेगा। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया,स्वीप नोडल पदाधिकारी रोहित कुमार मौजूद रहे।



चुनाव का पर्व DESH KA GARV

" सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता "
कार्यालय:- जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त, पलामू
Ten No. (Election Office) – 06562-231046 E-mail ID- electionpalamau1@gmail.com

आम–सूचना

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/23/2024 दिनांक16. 03.2024 के आलोक में 13–पलामू (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि13.05.2024 को प्रातः 07:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक निर्धारित है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 1950 दिनांक 08.04.2019 एवं कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रांची की अधिसूचना संख्या 2492 दिनांक 04.04.2024 के आलोक में लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर दिनांक 13.05.2024 को पलामू जिला अन्तर्गत किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अअन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति, जो लोकसभा निव्रचन में मतदान करने का अधिकार है, को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) के तहत मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश मंजूर किया जाएगाा। उक्त अधिनियम अनुसार मतदान के दिन अवकाश मंजूर किए जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कमी नहीं की जाएगी।

यदि कोई नियोजक उक्त धाराओं का उल्लंधन करेगा तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.324670 Palamu(24-25):D

# कांग्रेस नेता ने बढ़ती बेरोजगारी के लिए भाजपा को ठहराया जिम्मेवार

## बेरोजगारी का दंश झेल रहा युवा वर्ग - दीपक लाल



**वरीय संवाददाता,रांची।** रांची विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता दीपक लाल ने कहा है कि भाजपा के शासनकाल में अधिकतर युवा बेरोजगारी का दंश झेलने को विवश हैं । भाजपा की नीतियां युवा विरोधी है। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन के क्षेत्र में भाजपा ने पहल नहीं किया। नतीजतन युवा वर्गों में हताशा और निराशा व्याप्त है। नौकरी की तलाश में यहां के युवा अन्यत्र पलायन कर रहे हैं।

उन्होंने इस बार लोकसभा चुनाव में रांची संसदीय सीट से कांग्रेस की युवा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को समर्थन देने की युवाओं से अपील की। उन्होंने कहा कि

जिस तरह से देश मे पढ़े लिखे युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं। डिग्री मिलने के बाद भी नौकरी नहीं मिल रही है। नौकरी की उम्र सीमा भी समाप्त हो जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में सरकार द्वारा युवाओं के हित में कई योजनाएं संचालित थी, जिसे भाजपा ने बंद कर दिया।

इसलिए सभी युवा इस बार सोच समझ कर मतदान करें एवं ज्यादा से ज़्यादा वोट करें। युवा ही लोकतंत्र को बचा सकते हैं। अपनी वोट की ताकत से समाज मे बदलाव ला सकते हैं।

# कश्मीर से धारा 370 हटाने की बात करने वाली भाजपा ने लोकसभा चुनाव में कश्मीर से बोरिया-बिस्तर क्यों समेट लिया- झारखण्ड क्रांति मंच

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,गढ़वा।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने शुक्रवार को मेदिनीनगर में प्रेस बयान जारी कर कहा है कि पूरे देशभर में घुमकर काश्मीर से धारा 370 हटाने की बात करनेवाली भाजपा ने आखिर क्यों काश्मीर की तीनों सीटों से चुनाव लड़ने से इंकार कर वहां से लोकसभा चुनाव में बोरिया-बिस्तर समेट लिया। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि अगर काश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद पूर्ण रुप से उग्रवाद का खात्मा हो गया था तो फिर वहां की तीनों सीटों से भाजपा ने अपना उम्मीदवार क्यों नहीं लड़ाया। जारी बयान में झारखण्ड क्रांति मंच के अध्यक्ष ने भाजपा द्वारा जारी मोदी की गारंटी को शत-प्रतिशत झूठ की गारंटी करार देते हुए कहा है कि इस बार के चुनाव के तीसरे चरण के बाद मोदी जी की सत्ता खोने की बौखलाहट सामने आ चुकी है।जिस तरीके से उन्होंने अडानी -अम्बानी द्वारा टेम्पो में भर-भर कर काला धन लेने का एक्सपीरियंस से जनता को अवगत कराया वह उनके कारपोरेट के चौकीदार होने को प्रमाणित करता है। बयान के अंत में उन्होंने कहा कि इस बार मोदी जी के भोकल फोर लोकल का जवाब देने के लिए पलामू की जनता एकजूट होकर उनके बाहरी, थेथर व भोथर हो चुके प्रत्याशी बी0डी0राम के खिलाफ भारी मतदान कर धूल चटाने का मन बना चुकी है।



# एनडीए प्रत्याशी ताला मरांडी का प्रचंड मतों से होगी जीत - आलमगीर आलम



**प्रतिनिधि,पाकुड़।** राजमहल लोकसभा सीट से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी के नामांकन सभा में आजसू पाकुड़ जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज की नामांकन रैली की विशाल भीड़ ने बता दिया कि इस बार राजमहल लोकसभा सीट एनडीए के पक्ष में हैं। यह बात साहिबगंज जिला में स्थित सिदो कान्हु स्टेडियम में आयोजित नामांकन सभा में कही। उन्होंने ये भी कहा कि इस भीषण गर्मी में कार्यकर्ताओं का धैर्य इसका गवाह बन गया और जनता का आशीर्वाद भी मिल गया। आलमगीर ने सांसद विजय हांसदा पर जम कर प्रहार करते हुए कहा कि विगत 10 सालों में जनता को सिर्फ छलने का काम किया। उन्होने पिछले 10 वर्षों से अपने कार्यकाल में जनता के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। विजय हांसदा को सिर्फ अपने ठेकेदारी से मतलब है। उन्होने ये भी कहा कि राजमहल की भोली भाली जनता इस बार किसी के बहकावे में नहीं आयेगी और न ही अपनी गलती दोहराएगी। साथ में आजसू जिला प्रवक्ता शेकसादी राहमातुल्ला, जिला मीडिया प्रभारी आहमदुल्ला, परवेज अख्तर, मोहमीन, मुजीबुर और यूनुस सहित दर्जनों आजसू कार्यकर्ता मौजूद थे।

# उपायुक्त ने किया डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण



**प्रतिनिधि,पाकुड़।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल के द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय स्थित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा सभी विधानसभा वार का अवलोकन कर संबंधित पदाधिकारियों को उनके कार्य दायित्व से अवगत कराया गया। उनके द्वारा समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था, समुचित लाइटिंग की व्यवस्था, डिस्पैच टेबल रखने की व्यवस्था के साथ-साथ स्थल पर विधानसभा वार साइन ऐज लगवाने हेतु निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी सुविधाओं के अलावा सफाई, पेयजल, शौचालय, बिजली आदि को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मौके पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण केरकेट्टा, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, स्थापना उप समाहर्ता विकास कुमार त्रिवेदी, उप निर्वाचन पदाधिकारी अभिषेक सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मतदान शुरू होने से लेकर मतदान की समाप्ति तक की प्रक्रिया की दी गई संपूर्ण जानकारी

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि




**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त, शेखर जमुआर की अध्यक्षता में सभी महिला मतदान कर्मियों के लिए मतदान प्रक्रिया से संबंधित प्रशिक्षण हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला मतदान कर्मियों में पीठासीन, प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी के रूप कुल 60 महिला मतदान कर्मी प्रतिनियुक्त किये गयें हैं। महिला मतदान कर्मियों को मतदान दिवस के दिन विभिन्न चिन्हित पिंक बूथों पर मतदान कार्य सम्पन्न कराया जाना है। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनरों के द्वारा महिला मतदान कर्मियों को मॉक पोल, मॉक पोल स्लिप की सीलिंग, मॉक पोल सर्टिफिकेट एवं मतदान शुरू होने से पहले एवं मतदान समाप्त होने के बाद तक की संपूर्ण प्रक्रियाओं की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। प्रशिक्षण के दौरान महिला मतदान कर्मियों द्वारा भी अपने-अपने भ्रमों को दूर करने को लेकर प्रश्न किए गए जिन्हें मास्टर ट्रेनरों एवं उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा समुचित जानकारी देकर उनके भ्रम को दूर किया गया। इस दौरान मतदान को लेकर महिला मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया से जुड़े उनके कार्यों से अवगत कराते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी गाइडलाइन का अनुपालन करते हुए चुनाव संपन्न करने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिले में कुल 15 पिंक बूथ बनाए गए हैं, जिनमें कुल 60 महिला मतदान कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। आप उत्तरदायित्व पूर्ण अपने दायित्वों का अनुपालन करते हुए समय पर मतदान प्रारंभ कराएं। मौके पर मास्टर ट्रेनरों द्वारा EVM ß VVPAT का लाइव डेमोंसट्रेशन देकर सभी महिला मतदान कर्मियों को तकनीकी जानकारी दी गई। साथ ही मॉक पोल, EVM सीलिंग को लेकर भी संपूर्ण जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि पूर्व में भी तीन सेशन में सभी महिला मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, ताकि पूरे एसओपी का अनुपालन करते हुए मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराएं। वहीं मतदान संपन्न कराने के पश्चात पलामू जिला में बने रिसीविंग सेंटर तक ईवीएम पहुंचाने की भी सभी प्रोटोकॉल की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। इस बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, मास्टर ट्रेनर एवं सभी महिला मतदान कर्मी उपस्थित थे।

# निर्वाचन ड्यूटी में लगे सरकारी कर्मियों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से किया मतदान



**प्रतिनिधि,बालूमाथ।** लोकसभा चुनाव 2024 में निर्वाचन ड्यूटी में लगे सरकारी कर्मियों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से शुक्रवार को बालूमाथ स्थित राजकीय कृत उच्च विद्यालय में बनाये गए मतदाता सुविधा केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लातेहार गरिमा सिंह के निर्देश पर चतरा लोकसभा तथा अन्य लोकसभा क्षेत्र के सरकारी कर्मियों के लिए अलग-अलग दो मतदान केंद्र बनाये गए थे।अन्य लोकसभा क्षेत्र में पचपन वोटर बालूमाथ प्रखंड से नामित थे। चतरा लोकसभा के नामित मतदाताओं के लिए बनाए गए मतदान केंद्र के लिए चंदवा के अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक को अटेस्टेशन प्रभारी बनाया गया था।जबकि पोलिंग पदाधिकारी के रूप में डीके वर्मा, अंचला रानी एवं ललिता कुमारी तैनात रहे।अन्य लोकसभा क्षेत्र के लिए बनाये गए मतदान केंद्र में अटेस्टेशन प्रभारी के रूप में जिला मृदा पदाधिकारी मुक्ता रानी जबकि पोलिंग पदाधिकारी के रूप में पृथ्वी राज,रूचि शर्मा तथा संध्या गुप्ता तैनात थे। बारी बारी से नामित मतदाता आकर मतदान कर रहे थे।

पुलिस निरीक्षक परमानंद बिरूवा बारियातु थाना प्रभारी राजा दिलावर एवं पुलिस सब इंस्पेक्टर चंद्रशेखर दुबे ने आम मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र का महापर्व में आम मतदाता अपनी भागीदारी अवश्य निभाए। समाचार लिखे जाने तक चतरा लोकसभा के नामित मतदाताओं के लिए बनाए गए मतदान केंद्र में नौ वोट पड़े थे, जबकि अन्य लोकसभा के नामित मतदाताओं के लिए बनाए गए मतदान केंद्र में सात वोट पड़े थे। मतदाता सुविधा केंद्र की फेसिलिटेशन इंचार्ज बालूमाथ अंचल अधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने बताया कि चतरा लोकसभा के नामित सरकारी कर्मी 13 मई तक मतदाता सुविधा केंद्र में आकर अपना मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। जबकि अन्य लोकसभा के लिए नामित सरकारी कर्मी 25 मई तक मतदाता सुविधा केंद्र में आकर अपना मत दे सकते हैं।

# चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के बसपा प्रत्याशी नागमणि को मिली राहत जमानत पर हुए रिहा

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो



**चतरा।** चतरा संसदीय सीट के बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि को न्यायालय से राहत मिल गई।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने उन्हें जमानत दी है। जेल से निकलते ही नागमणिको कार्यकताओं ने उन्हें माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने शहर में रोडशो किया। वाहन पर सवार होकर नागमणि पोस्टऑफिस चौक, अव्वल मोहल्ला, गुदरीबाजार, केशरी चौक, पुराना पेट्रोल पंप,मारवाड़ी मोहल्ला।जतराहिबाग,समाहरणालय होते हुए नगवां स्थित अपने आवास पहुँचे। इसदौरान कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की।जेल से निकलने का बाद नागमणि ने विपक्षी पार्टियों पर जोरदार हमला बोला उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह पर भी आरोप लगाया कि ये पत्थर माफिया है 10 साल पहले इधर-उधर घूमा करते थे। आज इतने बड़े आदमी हो गए हैं। उन्होंने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी पर भी हमला बोला उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव पंचमुद्दे पर लड़ रहा हूं ।चुनाव जीतने के बाद में सभी मुद्धे पूरे करेंगे आगे उन्होंने कहा कि चतरा में पुलिस की गुंडागर्दी है। जेल में 50त्र सेअधिक बंदी दोषी नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद निर्दोष बंदी को मुख्यमंत्रीसे बात करवा कर जांच कर जेल से छुड़ाएंगे।बता दे कि नामांकन के आँतिम दिन तीन मईको नामांकन करने समाहरणालय पहुंचे पूर्वकेंद्रीय मंत्री नागमणि को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।नागमणि पर वर्ष 2014के आम चुनाव में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हैं। उस वक्त वे आजसू प्रत्याशीके रूप में चुनाव मैदान में थे। जेल से निकलने के बाद नागमणि ने कार्यकताओं के साथबैठक किया। इस दौरान सभी ने नागमणि को भारी मतों से जीत हासिल कराने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद राज,दिनेश दांगी,विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी गौतम रविदास, लोकसभा प्रभारी चतरा चंद्रशेखर दास,जिला महासचिव जितेंद्र दास, उपेन्द्र दांगी, वीरेन्द्र रविदास,हाजी जेनुल आवेदिन पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, भावी विधायक प्रत्याशी प्रकाश कुमार दास, डॉ प्रेम मौर्या, अशोक रविदास, संकर बिष्णु दास, जमकी राम,बिनोद भुइयाँ,रघु पासवान, बिनोद रजक, यदुनंद यादव, मोटी पासवान, रोहन भुइयाँ केदार भुइयाँ प्रभु राम संतोष रविदास, विकास राम, बिनोद राम विनय राम, राजकुमार राम, बासुदेव राम, गोपाल राम, नन्हू साव, सुरेश राणा, अजय ठाकुर, मोहम्मद जावेद, मुकेश कुमार अन्य समेत मौजूद थे।

# त्रिपुरा की पुलिस ने पाकुड़ जीआरपी के सहयोग से हत्या के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**प्रतिनिधि,पाकुड़।** त्रिपुरा के एयरपोर्ट पुलिस थाने के केस नंश 37/24 में नामजद आरोपी संदीप कर उर्फ आकाश को पाकुड़ रेलवे पुलिस के सहयोग से त्रिपुरा पुलिस ने धर दबोचा, जिसे पाकुड़ के सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया । इस मामले में बताया जा रहा है कि वेस्ट त्रिपुरा के उषा बाजार एयरपोर्ट पुलिस थाना अंतर्गत दर्ज मामले के आरोपी संदीप कर उर्फ आकाश पर धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया था । आरोपी पर दुर्गा प्रसन्न देव उर्फ बिक्की की हत्या करने का आरोप है । यह हत्या कथित तौर पर एक क्लब भरत रतन संघ के वर्चस्व की लड़ाई को लेकर हुई थी, जिसमें कल्ब के सचिव की कुर्सी को लेकर दो गुटों के बीच गोलीकांड की घटना घटी । उक्त विवाद बहुत पहले से चल रहा था। बताया जा रहा है कि हत्या का आरोपी संदीप कर उर्फ आकाश भागकर कोलकात्ता जा रहा था और पाकुड़ आरपीएफ और जीआरपी को सूचना मिली तो आरोपी को पाकुड़ में पकड़ा गया, जिसे कानूनी प्रक्रिया के तहत् पाकुड़ न्यायालय में पेशी कर त्रिपुरा की पुलिस अपने साथ ले कर चली गई।

# जीत के लिए खटकाएं हर घर की कुंडी: जेपी नड्डा

## चुनाव के पहले कम से कम तीन बार मिलें वोटर से

**लखनऊ , एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने प्रदेश मुख्यालय पर पांचवें चरण की लोकसभा सीटों की चुनावी तैयारियों की समीक्षा के दौरान जीत के लिए हर घर कुंडी खटखटाने का आह्वान किया। वहीं चुनाव प्रचार और जनसंपर्क अभियान की समीक्षा में पन्ना प्रमुख पर जोर देते हुए कहा कि वह अपने पन्ने के सभी वोटों पर फोकस करें। बूथ प्रबंधन की टीम विशेष योजना पर काम करे। हर वोटर से कम से कम तीन-चार बार संपर्क हो जाये। वोटिंग के दिन पहले अपना, परिवार और पड़ोसियों का वोट डलवाकर फिर पार्टी द्वारा दिये गये अभियान पर काम करें।

बृहस्पतिवार को राजधानी आए भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह आदि की मौजूदगी में पांचवें चरण की सीटों पर चुनाव तैयारियों को परखा और बूथ प्रबंधन के अहम मंत्र देकर पदाधिकारियों में जोश भरा। उन्होंने लखनऊ लोकसभा क्लस्टर की भी अलग से बैठक की। वहीं केंद्रीय स्तर पर दिए गए अभियानों की स्थिति की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि एक-एक वोट महत्वपूर्ण है। हमें किसी भी वोट को नजरअंदाज नहीं करना है।

हर वोटर तक पहले पत्रक पहुंचाने के लिए, दूसरी बार प्रत्याशी की अपील के लिए और तीसरी बार चुनाव पर्ची पहुंचाने के लिए संपर्क करना है। लाभार्थियों, प्रबुद्ध लोगों, युवा वोटर्स, सामाजिक समूहों तक भाजपा के नेता और



कार्यकर्ता पहुंचे। उनका वोट पार्टी को मिले, इसके लिए आवश्यक कार्य किए जायें।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के दस साल के अभूतपूर्व कार्यों के चलते भाजपा को व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। कहीं किसी प्रकार की समस्या नहीं है, हमें आवश्यकता है तो केवल मतदाता से संपर्क करने की। पन्ना प्रमुख और बूथ समितियों के साथ ही बूथ पर रहने वाले भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेदारी लेनी होगी।

### तीन चरणों में अच्छा प्रदर्शन

उन्होंने कहा कि पिछले तीन चरणों में भाजपा ने देश और प्रदेश में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। आने वाले चरणों में भाजपा सभी सीटें जीते, इसके लिए सबको अपनी जिम्मेदारी सौ फीसदी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी विधायक और एमएलसी अपने क्षेत्रों में जनता के बीच पार्टी के पक्ष में माहौल बनायें। इस बार जीत का मार्जिन बढ़ाने के लिए काम करना है।

# राजनाथ सिंह ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई, बोले- जो कहा वो किया

**लखनऊ , एजेंसी।** लखनऊ से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह ने सीएमएस में बृहस्पतिवार को आयोजित प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी में केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि राजनीति करने वाले नेताओं के प्रति देश में विश्वास का संकट पैदा हुआ है। नेताओं की करनी और कथनी में लंबे समय से अंतर होने के कारण ही यह



संकट उत्पन्न हुआ है, लेकिन हम लोग जिस दल में हैं, वहां हमने जो कहा है वह किया भी है। राजनाथ ने कहा कि इलेक्शन मेनिफेस्टो के एक-एक कथन को हमने पूरा किया है। हमने कहा था कि संसद के दोनों सदनों में जिस दिन हमको बहुमत प्राप्त हो जाएगा, उस दिन हम धारा 370 को समाप्त करेंगे और हमने वह कर दिया। हम देश बनाने के लिए राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी के साथ समान भाव और न्याय रखते हैं। तुष्टीकरण की राजनीति नहीं करते। बोले, हमने देश से आतंकवाद का सफाया किया है। राजनाथ सिंह के संबोधन से पहले न्यायमूर्ति देवेंद्र अरोड़ा ने वहां मौजूद प्रबुद्धजनों को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई।

# घाटी में आतंकियों की सक्रियता, सरकार के दावे पर सवाल

चिंता की बात यह भी है कि आतंकी उन इलाकों में भी सक्रिय देखे जा रहे हैं, जहां वर्षों से लगभग शांति थी। पीर-पंजाल के इलाके में फिर से आतंकियों का सक्रिय हो जाना पाकिस्तान की तरफ से मिल रही गंभीर चुनौती की तरह है।

**संपादकीय**

घाटी में दहशतगर्दी पर काफी हद तक काबू पा लेने के सरकारी दावे के बरक्स हकीकत यह है कि पिछले कुछ सालों में वहां आतंकी हमले बढ़े हैं। पुंछ के शाहसितार इलाके में वायुसेना के वाहन पर हुआ हमला इसकी ताजा कड़ी है। शनिवार को घात लगा कर आतंकियों ने हमला किया था, जिसमें पांच सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में उनमें से एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। आतंकियों की तलाश जारी है। हेलिकाप्टर से भी उनकी टोह ली जा रही है। बताया जा रहा है कि ये आतंकी पाकिस्तान से आए थे। उनमें से दो आतंकियों के रेखाचित्र जारी कर उनके बारे में जानकारी देने वाले को बीस लाख रुपए इनाम की घोषणा भी कर दी गई है। सरकार लगातार कहती आ रही है कि घाटी में आतंकवादियों की गतिविधियों को समेट दिया गया है। अब वे एक सीमित क्षेत्र में सक्रिय रह गए हैं। उन्हें भी जल्दी खत्म कर दिया जाएगा। मगर हैरानी की बात है कि सरकार के इस दावे को धता बताते हुए आतंकी लगातार कभी लक्षित हिंसा करके ध्यान भटकाने, तो कभी सेना के काफिले पर घात लगा कर हमला करने में कैसे कामयाब हो जा रहे हैं। चिंता की बात यह भी है कि आतंकी उन इलाकों में भी सक्रिय देखे जा रहे हैं, जहां वर्षों से लगभग शांति थी। पीर-पंजाल के इलाके में फिर से आतंकियों का सक्रिय हो जाना पाकिस्तान की तरफ से मिल रही गंभीर चुनौती की तरह है। ताजा हमला उसी इलाके में हुआ है। वह पाकिस्तान से सटा घने जंगलों और चट्टानों वाला दुर्गम इलाका है। भारतीय सेना ने बहुत पहले उस इलाके में पाकिस्तान पोषित आतंकी गतिविधियों पर विराम लगा दिया था। यह पिछले एक पखवाड़े में तीसरी आतंकी घटना है। इसके पहले आतंकियों ने दो स्थानीय नागरिकों की गोली मार कर हत्या कर दी थी। इसके पहले सेना और पुलिस ने कुछ तलाशी अभियानों में आतंकवादियों को मार गिराया था। ये हमले उन्हीं की प्रतिक्रिया में किए गए लगते हैं। मगर इन घटनाओं से यह भी जाहिर है कि सेना और सुरक्षाबलों को दहशतगर्दों की रणनीति समझने में चूक हो रही है। वे समय-समय पर अपनी रणनीति बदलते रहते हैं। कई बार वे लक्षित हिंसा का सहारा केवल इसलिए लेते हैं कि ध्यान भटकाया जा सके। फिर वे घात लगा कर सेना के काफिले पर हमला इस मकसद से करते हैं कि अधिक से अधिक नुकसान पहुंचा सके। बार-बार हो रहे ऐसे हमले गंभीर चिंता का विषय हैं। जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने और सेना की तैनाती बढ़ाने के बाद दावे किए गए थे कि जल्दी ही घाटी से दहशतगर्दी को नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा। अब जब आतंकवादियों को मिलने वाले वित्तीय, स्थानीय और हर तरह के सहयोग पर अंकुश लगाया जा चुका है।

# भारत जेनोफोबिक नहीं बसुधैव कुटुंबकम का प्रबल पक्षधर, अपनी गिरेबां में झांकें अमेरिकी राष्ट्रपति

**बाइडन का यह कहना कि यदि रूस और चीन के साथ जापान प्रवासियों को अधिक अपनाएगा तो आर्थिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से सवालिया लहजे में पूछा भी कि- चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह क्यों रूक गया है? जापान को परेशानी क्यों हो रही है?**

(कमलेश पांडे)

बाइडन का यह कहना कि यदि रूस और चीन के साथ जापान प्रवासियों को अधिक अपनाएगा तो आर्थिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से सवालिया लहजे में पूछा भी कि- चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह क्यों रूक गया है?

प्राचीन काल से ही वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवंतु सुखिनः जैसा उदात्त विचार रखने वाले भारत को यदि कोई जेनोफोबिक यानी विदेशियों से द्वेष रखने वाला ठहराए, तो ये उसकी अपनी मर्जी है, खुदगर्जी है। जी हां, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले दिनों



वाशिंगटन में प्रवासियों की एक बैठक में जब यह कहा कि भारत, चीन, जापान और रूस की जेनोफोबिक (विदेशियों से द्वेष वाली) प्रकृति उनकी आर्थिक समस्याओं के लिए जिम्मेदार है, तो दुनिया के थानेदार की रणनीतिक विवशता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही थी। उनकी इस टिप्पणी के गहरे सियासी मायने हैं, जिन्हें वैश्विक कूटनीति के लिहाज से समझने की जरूरत है। क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जब कुछ बोलता है तो वह अनायास नहीं होता, बल्कि रणनीतिक होता है, जिसके शब्द-शब्द में दुनियावी संघर्ष के सूत्र और पारस्परिक जद्दोजहद के भाव चतुराई पूर्वक गूंथे गए होते हैं।

बाइडन का यह कहना कि यदि रूस और चीन के साथ जापान प्रवासियों को अधिक अपनाएगा तो आर्थिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से सवालिया लहजे में पूछा भी कि- चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह क्यों रूक गया है? जापान को परेशानी क्यों हो रही है? रूस और भारत क्यों परेशान हैं? क्योंकि वे जेनोफोबिक हैं। वे प्रवासी नहीं चाहते। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय मामलों के जानकार बताते हैं कि अमेरिका तो शुरू से ही प्रवासियों की भूमि रही है। जब ब्रिटिश साम्राज्य में सूरज अस्त नहीं होता था, तब से अमेरिका खुद को मजबूत बना रहा था। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ग्रेट ब्रिटेन का रुतबा कम होने लगा और उसके अभिन्न मित्र के रूप में अमेरिका का प्रभुत्व बढ़ने लगा।

हालांकि जब यूएसए और यूएसएसआर (सोवियत संघ) यानी अमेरिका और रूस में शीतयुद्ध बढ़ा और भारत जब रूस के करीब आया तो अमेरिका ने चीन-जापान से नजदीकियां बढ़ा लीं। वहीं, भूमंडलीकरण और नई आर्थिक नीतियों के चलते जब सोवियत संघ बिखर गया और रूस अपेक्षाकृत कमजोर पड़ गया तो अमेरिका ने भारत पर भी डोरे डाले और रूस-चीन की नजदीकियां बताकर भारत के अभिन्न मित्र बनने का स्वांग रचने लगा। इन तमाम रणनीतिक कसरतों के पीछे अमेरिका का सिर्फ और सिर्फ यही उद्देश्य है कि वह दुनिया का थानेदार बना रहे।

वहीं, बदलते वैश्विक परिवेश में जब भारत में मोदी सरकार आई और पिछले एक दशक में ताबड़तोड़ रणनीतिक और कूटनीतिक फैसले लेते हुए भारतीय गुटनिरपेक्षता के सिद्धांत को मजबूती पूर्वक अपनाए रखा और अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में भारतीय हितों को तरजीह देना शुरू किया तो अमेरिका, चीन और रूस का नजरिया भारत के प्रति बदलने लगा। फ्रांस और जापान से भारत के मजबूत रिश्ते भी कइयों को चुभने लगे। यह कड़वा सच है कि एक तरफ रूस यूक्रेन में अमेरिकी चाल में फंस गया तो दूसरी तरफ चीन ताइवान में फंसने को तैयार बैठा है, जबकि भारतीय नेतृत्व ने सूझबूझ से काम लिया और चीन-पाकिस्तान से जुड़े अमेरिकी गेम प्लान में फंसने से इंकार कर दिया।

**लोकसभा के चुनाव उग्र से उग्रतर होते जा रहे हैं, लोकतंत्र के महायज्ञ की 7 मई को आधी से ज्यादा आहुति पूरी होने वाली है, पहले चरण में 102 और दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हो चुका है। तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके बाद 543 में से आधे से अधिक यानी 284 सीटों पर मतदान पूर्ण हो जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने कांग्रेस की नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक, तीक्ष्ण एवं तीखे आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी में लगातार हो रही टूट एवं पार्टी छोड़ने के कांग्रेसी नेताओं के सिलसिले को रोक नहीं पा रही है। इस बड़े संकट से बाहर निकलने का रास्ता कांग्रेस को नहीं सूझ रहा है। कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए।**

# कांग्रेस की दिशाहीनता एवं बढ़ता पलायन

(ललित गर्ग)

आज के परिदृश्यों में कांग्रेस अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी है। चुनाव प्रचार हो या उम्मीदवारों का चयन, राजनीतिक वायदें हो या चुनावी मुद्दें हर तरफ कांग्रेस कई विरोधाभासों से घिरी है। उसकी सारी नीतियों में, सारे निर्णयों में, व्यवहार में, कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है।

लोकसभा के चुनाव उग्र से उग्रतर होते जा रहे हैं, लोकतंत्र के महायज्ञ की 7 मई को आधी से ज्यादा आहुति पूरी होने वाली है, पहले चरण में 102 और दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हो चुका है। तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके बाद 543 में से आधे से अधिक यानी 284 सीटों पर मतदान पूर्ण हो जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने कांग्रेस की नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक, तीक्ष्ण एवं तीखे आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी में लगातार हो रही टूट एवं पार्टी छोड़ने के कांग्रेसी नेताओं के सिलसिले को रोक नहीं पा रही है। इस बड़े संकट से बाहर निकलने का रास्ता कांग्रेस को नहीं सूझ रहा है। कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' को खजुराहो में झटका लगा था, जहां आपसी समझौते के चलते यह सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से दो- खजुराहो और इंदौर ऐसी है जहां से कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने 'नाइंसाफी' के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं। पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता महंती ने यह कहते हुए टिकट लौटा दिया कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए कमजोर उम्मीदवार उतारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में राजनीतिक अपरिपक्वता, दिशाहीनता एवं निर्णय-क्षमता का अभाव है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस कई राज्यों में बेमन से चुनाव लड़ रही है।

आज के परिदृश्यों में कांग्रेस अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी है। चुनाव प्रचार हो या उम्मीदवारों का चयन, राजनीतिक वायदें हो या चुनावी मुद्दें हर तरफ कांग्रेस कई विरोधाभासों से घिरी है। उसकी सारी नीतियों में, सारे निर्णयों में, व्यवहार में, कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। यही कारण है कि उसकी राजनीति में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। उसका व्यवहार दोगला हो गया है। दोहरे मापदण्ड अपनाने से उसकी हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा




समस्याएं पैदा कर रही हैं। यही कारण है कि कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने या फिर चुनाव लड़ने से इन्कार करने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यह निर्णय क्षमता का अभाव ही है या हार का डर कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने क्रमशः अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय लेने में बड़ी कोताही बनती है। अब राहुल ने अमेठी में स्मृति ईरानी का सामना करने में स्वयं को अक्षम पाया तो रायबरेली से नामांकन पत्र दाखिल कर दिया और प्रियंका एक बार फिर चुनाव लड़ने से दूर ठिठक गईं। राहुल गांधी का अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ना भी कांग्रेस की दिशाहीनता का सूचक है। यह हास्यास्पद है कि गांधी परिवार के करीबी एवं चाटुकार कांग्रेस नेता राहुल के अमेठी से चुनाव न लड़ने के फैसले को यह कहकर बड़ी राजनीति जीत बता रहे हैं कि पार्टी ने स्मृति इरानी का महत्व कम कर दिया। क्या सच यह नहीं कि कांग्रेस ने अमेठी से स्मृति इरानी की जीत सुनिश्चित करने का काम किया है?

राहुल गांधी का दो-दो सीटों से चुनाव लड़ना भी यह दर्शाता है कि दोनों में से एक सीट पर तो वे जीत हासिल कर ही लेंगे। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का सेक्शन 33 प्रत्याशियों को अधिकतम दो सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति भी देता है। देश में लोकतंत्र की जड़ें लगातार मजबूत हो रही हैं। ऐसे में नेताओं के एक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर विसंगतियां भी सामने आ रही हैं। विमर्श इस बात पर हो रहा है कि जब एक व्यक्ति को एक वोट का अधिकार है तो प्रत्याशी को दो सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति क्यों होनी चाहिए? नेता अपने राजनीतिक हितों के लिए एक साथ दो सीटों पर चुनाव लड़ते हैं और दोनों सीटों पर चुनाव जीतने की स्थिति में अपनी सुविधानुसार एक सीट से इस्तीफा दे देते हैं। कानूनी रूप से उनके लिए ऐसा करना जरूरी भी है। फिर उस सीट पर उपचुनाव होता है। इसमें न सिर्फ करदाताओं का पैसा खर्च होता है बल्कि उस क्षेत्र के मतदाता भी ठगा हुआ महसूस करते हैं। इस बात की पड़ताल जरूरी है कि दो सीटों से चुनाव लड़कर राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं या इस व्यवस्था से सिर्फ अपने राजनीतिक हित साध रहे हैं?

भले ही राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान बेहद आक्रामक दिख रहे हों, लेकिन वह अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं में जोश नहीं भर पा रहे हैं। इसका एक कारण गठबंधन के नाम पर अपने पुराने मजबूत गढ़ों में भी अपनी राजनीतिक जमीन छोड़ना है। यह कांग्रेस ही लगातार कमजोर होती राजनीति ही है कि वह जीत की संभावना वाली सीटों को भी महागठबंधन के अन्य दलों को दे रही है। ऐसे ही निर्णयों के चलते कांग्रेसजनों के लिए भी यह समझना कठिन है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी से समझौता करने से पार्टी को क्या हासिल होने वाला है? इस बार गांधी परिवार दिल्ली में उस आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को बोट देगा, जिसने उसे रसातल में पहुंचाया। इस तरह के मामले केवल यही नहीं बताते कि कांग्रेस उपयुक्त प्रत्याशियों का चयन करने में नाकाम है, बल्कि यह भी इंगित करते हैं कि उसके पास अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने और अपने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करने की कोई ठोस रणनीति नहीं है।

कांग्रेस की नीति एवं नियत भी संदेह के घेरों में हैं। क्या कारण है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का 'शहजादा' भारत का प्रधानमंत्री बने। दुश्मन राष्ट्र के नेता अगर किसी व्यक्ति या नेता के प्रधानमंत्री बनने की कामना करते हैं तो निश्चित ही उस देश का हित जुड़ा होता है। पड़ोसी देश भले ही राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हो लेकिन भारत की जनता अपने हितों की रक्षा करते हुए विवेकपूर्ण मतदान के लिये तत्पर है। भारत मजबूत प्रधानमंत्री वाला मजबूत देश चाहता है। नए भारत के 'सर्जिकल और एयर स्ट्राइक' ने उस पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया था जिसे कांग्रेस शासन के दौरान भारत पर आतंकी हमलों का समर्थन करने के लिए जाना जाता था। कांग्रेस ने बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं को नजरअंदाज करते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति की है, उसी का परिणाम है कि जिसने 500 वर्षों तक पीढ़ियों के संघर्ष के बाद बने प्रभु श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह एवं मन्दिर से कांग्रेस दूरी बनाये रखी है। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के निर्णय का भी विरोध किया है, जबकि अब वहां आतंकवाद खत्म होकर शांति, अमन एवं विकास की गंगा प्रवहमान है। जनता ही नहीं, कांग्रेस के नेता भी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की इन विसंगतियों एवं विडम्बनाओं को समझ रहे हैं और पार्टी से पलायन कर रहे हैं।

# कांग्रेस नेता ही कांग्रेस की राम मंदिर के प्रति डरावनी सोच को कर रहे बेनकाब !

**कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुईं छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने भी अपने साक्षात्कार में बताया कि कांग्रेस में प्रभु श्रीराम व सनतान के प्रति कितनी नफरत भरी हुई है। राधिका खेड़ा का कहना है कि अयोध्या में राम मंदिर जाने और इंटरनेट मीडिया पर मंदिर के फोटो साझा करने के बाद से ही उन्हें कांग्रेस से सिर्फ नफरत मिली। उन्होंने बताया कि पार्टी ने उन्हें चुनाव की अवधि में मंदिर जाने से रोका था लेकिन वह खुद को रामलला के दर्शन करने से नहीं रोक पाईं।**

(मृत्युंजय दीक्षित)

सनातन के प्रति कांग्रेस व इंडी गठबंधन के खतरनाक इरादों का खुलासा भी कांग्रेस के ही नेता व प्रवक्ता कर रहे हैं। पूर्व कांग्रेस नेता कल्कि पीठाधीश्वरर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कांग्रेस कभी भगवान राम को मानने वाली नहीं हो सकती। तीसरे चरण का मतदान संपन्न होने के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उनके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि पर निर्मित दिव्य नव्य रामलला मंदिर में पूजा अर्चना की। दोनों ने प्रभु श्रीराम को साष्टांग दंडवत करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। जहाँ राष्ट्रपति महोदया ने अपनी अनुभूतियाँ सोशल मीडिया पर साझा कीं वहीं प्रधानमंत्री रामलला के दर्शन के उपरांत जनता का आशीर्वाद लेने के लिए रोड शो पर निकल पड़े। स्वाभाविक रूप से विगत दशक में राम मंदिर आन्दोलन के राजनैतिक खेवनहार रहे नरेंद्र मोदी का रोड शो देखने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। राम मंदिर पर उमड़ने वाला यह जन समुद्र कांग्रेस, सपा, बसपा और इंडी गठबंधन में शामिल अन्य दलों को रास नहीं आता है, यही कारण है कि वे प्रभु श्रीराम व उनके भव्य मंदिर से लेकर सनातन तक पर लगातार हमले करते रहते हैं।

सनातन के प्रति कांग्रेस व इंडी गठबंधन के खतरनाक इरादों का खुलासा भी कांग्रेस के ही नेता व प्रवक्ता कर रहे हैं। पूर्व कांग्रेस नेता कल्कि पीठाधीश्वरर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कांग्रेस कभी भगवान राम को मानने वाली नहीं हो सकती। उसने तो भगवान राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। श्रीराम मंदिर का फैसला आने के बाद एक गोपनीय बैठक में अमेरिका में रहने वाले अपने नजदीकी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि यदि उनकी सरकार आई तो वह सुपर पावर कमीशन बनाकर शाहबानो प्रकरण की तरह राम मंदिर का फैसला बदल देंगे। आचार्य प्रमोद का कहना है कि वह कांग्रेस में 32 साल रहे हैं, भगवान श्रीराम को लेकर कांग्रेस में क्या चलता है वह जानते हैं। मंदिर का फैसला आने के बाद राहुल गांधी ने अपने नजदीकी लोगों की बैठक बुलाई थी इसमें राम मंदिर को लेकर अपनी योजना जाहिर की थी। आचार्य प्रमोद लोकसभा चुनावों को साधारण चुनाव नहीं बताते अपितु वह इसे धर्मयुद्ध बता रहे हैं।


कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुईं छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने भी अपने साक्षात्कार में बताया कि कांग्रेस में प्रभु श्रीराम व सनतान के प्रति कितनी नफरत भरी हुई है। राधिका खेड़ा का कहना है कि अयोध्या में राम मंदिर जाने और इंटरनेट मीडिया पर मंदिर के फोटो साझा करने के बाद से ही उन्हें कांग्रेस से सिर्फ नफरत मिली। उन्होंने बताया कि पार्टी ने उन्हें चुनाव की अवधि में मंदिर जाने से रोका था लेकिन वह खुद को रामलला के दर्शन करने से नहीं रोक पाईं। उनका कहना था कि मैने सुना था कि कांग्रेस राम



विरोधी, सनातन विरोधी और हिन्दू विरोधी है पर कभी माना नहीं था किंतु जब मैं अपनी मां व परिवार के साथ रामलला के दर्शन करने गई तब कांग्रेस की असलियत का पता चल गया।जब मैंने अपने घर पर राम ध्वजा लगाई तब से कांग्रेस ने मुझे तिरस्कृत करना प्रारम्भ कर दिया।

कांग्रेस के नेतृत्व में बने इंडी गठबंधन में शामिल सभी दल राम विरोधी, सनातन विरोधी हैं यह प्रतिदिन साबित हो रहा है और इसी कारण बार-बार कहा जा रहा है कि रामभक्त सनातन समाज उठो- जागो और मतदान केंद्र तक पहुंचकर अपने मतों का सही प्रयोग करके ऐसी ताकतों को ध्वस्त कर दो, जो हिंदू सनातन समाज की परम्पराओं को नष्ट करने की ताक में बैठे हैं। अभी विगत वर्ष विधानसभा चुनावों के पहले द्रमुक नेता सनातन के उन्मूलन की बात कर रहे थे। बिहार में चारा चोर लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव का कहना है कि जब देश का प्रधानमंत्री हिंदू राष्ट्रपति हिंदू, सभी मुख्यमंत्री, राज्यपाल व सेना के तीनों प्रमुख हिंदू तो फिर सनातन को कैसा खतरा। यह वही तेजस्वी है जिनके पिता लालू यादव ने रामरथ यात्रा को रुकवाने के लिए भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आज राम मंदिर भी बनकर खड़ा हो गया है और आडवाणी जी को भारत रत्न का सम्मान भी मिल चुका है। ये वही कांग्रेस है जिसके तत्कालीन राष्ट्रपति दिवंगत शंकर दयाल शर्मा ने 6 दिसंबर 1992 की शाम को राष्ट्रपति भवन में आंसू बहाये थे और उन्हीं आंसुओं की धार में सनातन समाज से बदला लेने के लिए अपनी तथाकथित संवैधानिक तानाशाही का अभूतपूर्व परिचय देते हुए उत्तर प्रदेश की कल्याण सिंह सरकार सहित चार प्रान्तों की भाजपा सरकारों को को भंग कर दिया था। आज की कांग्रेस की नजर में उस समय संविधान सुरक्षित हो गया था। यह वही कांग्रेस है जो समय समय पर देश के सर्वोच्च न्यायालय में प्रभु श्री राम को काल्पनिक बता चुकी है।

तीसरे चरण के मतदान के मध्य ही उत्तर प्रदेश में समाजवादी नेता रामगोपाल यादव ने बयान दे दिया कि अयोध्या का राम मंदिर तो बेकार है, मंदिर ऐसे बनाए जाते हैं क्या? मंदिर ऐसे नहीं बनते है। दक्षिण से उत्तर तक देख लीजिए नक्शा ठीक से नहीं बना है। समाजवादी पार्टी तो सदा से ही राम मंदिर विरोधी रही है। रामभक्त कारसेवकों का नरसंहार कराने के निकृष्टतम पाप से लेकर उसके बाद जितने भी ऐतिहासिक अवसर आए हर बार समाजवादी नेताओं ने राम मंदिर के खिलाफ नफरत भरी आग उगली है। भूमि पूजन से लेकर प्राण प्रतिष्ठा तक हर समय सपा, बसपा व कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन में शामिल सभी दलों के नेता अपने बयानो से हिंदू सनातन समाज व प्रभु राम का अपमान ही करते रहे हैं। रामगोपाल यादव के बयान से राम मंदिर को लेकर राजनीति एक बार फिर गर्म हो गयी है और भारतीय जनता पार्टी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे तत्वों पर करारा प्रहार किया है। भाजपा का कहना है कि समाजवादी काल में कब्रिस्तान बनवाना अच्छा था वो उत्तर प्रदेश जो मुख्तार अंसारी, अबू सलेम, अतीक अहमद और छोटा शकील के लिए जाना जाता था वह उनके लिए अच्छा था।



# सबकी जान बचाता है ओ निगेटिव ब्लड

शरीर को सुचारू रूप से चलाने का काम खून करता है। इंसान के खून का रंग बेशक लाल है लेकिन इसके कई ग्रुप हैं और हर सभी लोगों के शरीर में अलग-अलग ग्रुप का खून पाया जा सकता है। वास्तव में आपका ब्लड टाइप क्या है, यह आपको विरासत में मिले जीनों द्वारा निर्धारित होता है। आपके खून का प्रकार कोई भी हो, आपके द्वारा डोनेट किये ब्लड किसी की जिंदगी बचाने का काम कर सकता है। जब बात यह होती है कि सबसे बढ़िया खून कौन सा होता है, तो ओ निगेटिव ब्लड को सबसे बेहतर माना जाता है। इसकी वजह यह है कि इस ग्रुप के लोग किसी को अपना खून दे सकते हैं। थोड़ी गड़बड़ी यह है कि इस समूह के लोग सिर्फ इसी ग्रुप का ब्लड ले सकते हैं। ओ निगेटिव ब्लड के लोगों को यूनिवर्सल डोनर कहा जाता है, यह खास तरह का खून है, जो किसी की भी जिंदगी बचा सकता है इसलिए इस समूह के लोगों को इसकी हिफाजत करना जरूरी है। इसके लिए आपको खाने-पीने का ध्यान रखना चाहिए। आपको अपनी डाइट में नीचे बताए खाद्य पदार्थों को जरूरी शामिल करना चाहिए।

### नट्स

नट्स प्रोटीन और हेल्दी फैट का एक बड़ा स्रोत हैं। ब्लड हेल्थ को बढ़ावा देने के लिए आपको नट्स का खूब सेवन करना चाहिए। आपको रोजाना अखरोट, हेज़लनट्स और बादाम सहित कद्दू के बीज आदि का सेवन करना चाहिए।

### एनिमल प्रोटीन

इस समूह के लोगों को अपनी डाइट में एनिमल प्रोटीन जरूरी शामिल करना चाहिए। इसके लिए आप मांस और मछली का खूब सेवन करना चाहिए। यह चीजें आपके खून के स्वास्थ्य को बढ़ावा दे सकती हैं।

### डेयरी उत्पाद

ओ ब्लड ग्रुप टाइप वाले लोगो को अपने खाने में मक्खन, पनीर और सोय दूध जैसे डेयरी उत्पादों को शामिल करना चाहिए। यह चीजें न सिर्फ खून के स्वास्थ्य को बढ़ावा देती हैं बल्कि शरीर के लिए बढ़िया काम करती हैं।

### बीन्स

टाइप ओ ब्लड वाले लोगों को बीन्स का सेवन करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि बीन्स उनकी सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। आपको ओनी डाइट में लाल फलियां, पिंटो बीन्स और ब्लैक बीन्स आदि को शामिल करना चाहिए।

### साबुत अनाज

आपका ब्लड टाइप ओ पॉजिटिव हो या निगेटिव, आपको साबुत अनाज का सेवन जरूर करना चाहिए। आपको अपने खाने में चौलाई, अनाज, चावल और बाजरा को जरूर शामिल करना चाहिए।

### फल-सब्जियों का सेवन

ओ ब्लड ग्रुप वाले लोगों को टमाटर, लहसुन, गोभी, भिन्डी, प्याज, अजमोद, लाल मिर्च, शकरकंद और शलजम जैसी सब्जियों का खूब सेवन करना। इनमें वो सभी पोषक तत्व होते हैं, जो खून के स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। अगर बात करें फलों की तो आप प्लम, ड्राई प्लम, अंजीर, चकोतरा और सभी तरह की बेरीज खा सकते हैं।





# शरीर को बंजर बना देगी आयरन की कमी

**विटामिन, कैल्शियम आदि पोषक तत्व की तरह आयरन शरीर के लिए जरूरी है। इसकी कमी से शरीर में भारी कमजोरी आती है और खड़ा होना भी मुश्किल हो जाता है। आयरन बढ़ाने के लिए 6 चीजों का सेवन जरूर करना चाहिए।**

जिस जमीन में नमी, पोषण और ताकत नहीं होती, उसे बंजर कहते हैं। इसी तरह आयरन की कमी शरीर को बंजर बना देती है। यह बॉडी का खून, रेड ब्लड सेल्स और ऑक्सीजन कम कर देती है। आयरन डेफिशिएंसी को दूर करने के लिए कुछ उपाय अपनाते रहने चाहिए। जिनके बारे में न्यूट्रिशनिस्ट लवनीत बत्रा ने जानकारी दी है।

## आयरन की कमी से होने वाले रोग

आयरन की कमी के कारण हीमोग्लोबिन और रेड ब्लड सेल्स कम हो जाती हैं। जिस वजह से एनीमिया यानी खून की कमी का खतरा बढ़ जाता है। यह दिक्कत महिलाओं को सबसे ज्यादा होती है। इसलिए सरकारी स्कूलों में बचपन से ही लड़कियों को आयरन की गोली खिलाई जाती है। शरीर में आयरन बढ़ाने के लिए 6 उपाय हैं। इन 6 खाद्य पदार्थों को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। जो कि आयरन की गोली खाने की नौबत नहीं आने देंगे। आइए पहले आयरन कम होने के लक्षण जानते हैं।

## ये लक्षण कर देंगे बुरा हाल

ऑस्ट्रेलिया की सरकारी हेल्थ बेवसाइट के अनुसार आयरन की कमी शरीर के लिए खतरनाक हो सकती है। जिसकी वजह से निम्नलिखित लक्षण व संकेत दिख सकते हैं।

- हमेशा थकावट रहना
- सांस फूलना
- सिर घूमना
- खून की कमी
- रंग पीला पड़ना
- हाथ-पैर ठंडे होना
- जीभ में सूजन आना
- बार-बार इंफेक्शन होना
- इम्यून सिस्टम की कमजोरी
- बच्चों का विकास रुकना
- भूख ना लगना
- कमजोर नाखून, आदि

## आयरन बढ़ाने के उपाय

इन 6 फूड्स को आयरन का भंडार बताया है। इन वेज फूड को डाइट में शामिल करने के बाद आयरन कम होने का खतरा काफी कम हो जाता है। इसके लिए आप राजगिरा (चौलाई), रागी, किशमिश, दाल, सोयाबीन, करी पत्ता का सेवन बढ़ाएं।

## किसमें कितना आयरन?

- 25 ग्राम राजगिरा में 2.8 मिलीग्राम आयरन
- 20 ग्राम रागी में 1.2 मिलीग्राम आयरन
- 10 ग्राम किशमिश में 0.7 मिलीग्राम
- 30 ग्राम दाल में 6.6 मिलीग्राम आयरन
- 30 ग्राम सोयाबीन में 2.4 मिलीग्राम आयरन
- 10 ग्राम करी पत्ता में 0.87 मिलीग्राम

## इस वजह से भी कम हो सकता है आयरन

खून बहना, पर्याप्त पोषण ना मिलना आदि कारणों से आयरन डेफिशिएंसी होती है। लेकिन कई बार इसके पीछे आयरन का खराब अवशोषण भी होता है। मतलब आप आयरन देने वाली चीजें खा तो रहे हैं, लेकिन शरीर उसका इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है।

## आयरन का इस्तेमाल बढ़ाने के तरीके

- आयरन फूड के साथ विटामिन-सी देने वाले फूड भी खाएं
- खाने के बाद कॉफी और चाय पीने से बचें
- अनाज को खाने से पहले पानी में भिगोएं, अंकुरित और फर्मेंट करें
- लोहे की कढ़ाई या पैन में खाना बनाएं
- लाइसीन अमिनो एसिड और आयरन देने वाला क्विनोआ और फलियां खाएं





# ब्रेन स्ट्रोक से काफी पहले पड़ता है छोटा अटैक

**ब्रेन स्ट्रोक में दिमाग की नस फट जाती है। लेकिन इससे काफी पहले छोटा अटैक दिख सकता है। जिसके लक्षणों को पहचानकर ब्रेन स्ट्रोक से बचा जा सकता है।**

जब दिमाग की कोई नस ब्लॉक हो जाती है तो ब्रेन स्ट्रोक आता है। यह एक जानलेवा स्थिति है, जिसमें समय पर इलाज ना मिलने पर मौत हो सकती है। लेकिन क्या आप मिनी ब्रेन स्ट्रोक के बारे में जानते हैं। जो कि बड़े अटैक से काफी वक्त पहले दिख सकता है। इसके लक्षण हल्के होते हैं, जिन्हें वक्त पर पहचानकर बड़े अटैक से बच सकते हैं। इसे मिनी ब्रेन स्ट्रोक या ट्रांसिएंट इस्केमिक अटैक भी कहते हैं।

## दिमाग का छोटा अटैक कब आता है?

ब्रेन स्ट्रोक की तरह छोटा अटैक भी दिमाग की नस ब्लॉक होने से आता है। इसकी वजह से दिमाग को ऑक्सीजन मिलना बंद हो जाती है। लेकिन ये डैमेज परमानेंट नहीं होती है और 24 घंटे में खुद ही ठीक हो जाती है। मगर इसके लक्षणों को हल्के में नहीं लेना चाहिए और डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

## पैरालिसिस या स्ट्रोक से कैसे बचें?

- शरीर के एक तरफ पर चेहरे, हाथ या पैर में सुन्नपन या कमजोरी
- अचानक कंफ्यूजन आना
- अचानक बोलने में दिक्कत आना
- अचानक देखने में दिक्कत
- अचानक शारीरिक संतुलन खो जाना
- अचानक चलने में दिक्कत आना
- चक्कर आना
- अकारण तेज और गंभीर सिरदर्द
- निगलने में कठिनाई
- चेहरे की मांसपेशियां गिरना

## 24 घंटे में गायब हो जाते हैं लक्षण

नसों में ब्लड क्लॉट जमने से मिनी स्ट्रोक पड़ता है। जिससे खून पूरी आजादी के साथ घूम नहीं पाता है। लेकिन ये ब्लड क्लॉट छोटे और अस्थाई होते हैं और कुछ ही देर में वापस घुल जाते हैं। लेकिन इस स्थिति को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

## मिनी स्ट्रोक से बचने के टिप्स

- धूम्रपान और शराब का सेवन बंद कर दें।
- ताजे फल, सब्जी और साबुत अनाज का सेवन करें।
- शरीर का वजन कंट्रोल रखें।
- नियमित एक्सरसाइज करें।
- फैट का सेवन कम कर दें।
- टाइप 2 डायबिटीज, हाई कोलेस्ट्रॉल, हाई बीपी जैसी बीमारियों की दवा लेते रहें।

## स्ट्रोक से बचाने वाली डाइट

- ब्रेन स्ट्रोक से बचने के लिए लो फैट, कम नमक के साथ हाई फाइबर डाइट लेनी चाहिए। जिसके लिए आप इन फूड्स को खा सकते हैं।
- नाशपाती, स्ट्रॉबेरी, एवोकाडो, सेब, केला, गाजर, चुकंदर, ब्रोकली, पालक, टमाटर, दालें, राजमा, छोले, क्विनोआ, ओट्स, बादाम, चिया सीड्स, शकरकंद





**शरीर में यूरिक एसिड का लेवल बढ़ने से आपको गाउट या किडनी की पथरी की समस्या हो सकती है, इस अपशिष्ट पदार्थ को बाहर निकालने और इसके लक्षणों को कम करने के लिए आप कुछ आयुर्वेदिक तरीके आजमा सकते हैं, जो असरदार हैं।**

# यूरिक एसिड को गला देंगी ये आयुर्वेदिक जड़ी बूटी

यूरिक एसिड बढ़ना एक आम समस्या बनती जा रही है. शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा अधिक होने से हाइपरयुरिसीमिया या गाउट की बीमारी हो सकती है। बढ़ा हुआ यूरिक एसिड जोड़ों में गंभीर सूजन और दर्द पैदा कर सकता है। यह किडनी की पथरी का भी कारण बन सकता है। प्यूरीन नामक रसायन के टूटने से यूरिक एसिड निकलता है। प्यूरीन मानव शरीर में पहले से मौजूद होता है। इसके अलावा खाने-पीने की चीजों में भी यह रसायन होता है। वैसे तो यूरिक एसिड किडनी द्वारा फिल्टर होकर पेशाब के जरिए बाहर निकल जाता है लेकिन जब इसका लेवल ज्यादा हो जाता है, तो यह जोड़ों में इकट्ठा हो जाता है और परेशानी पैदा करता है।

## यूरिक एसिड कैसे कम करें?

यूरिक एसिड कम करने के लिए कई दवाएं और मेडिकल ट्रीटमेंट उपलब्ध हैं लेकिन आप कुछ गाउट या यूरिक एसिड के लिए आयुर्वेदिक उपचार भी आजमा सकते हैं।

## आयुर्वेदिक उपचार त्रिफला

आयुर्वेद की तीन शक्तिशाली जड़ी बूटियों भीभीतकी, हरीतकी और आंवला से मिलकर बना त्रिफला यूरिक एसिड का बढ़िया उपचार है। इसके एंटीऑक्सिडेंट, एंटी बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण इसे मजबूत औषधि बनाते हैं। इसके लिए आप सुबह खाली पेट एक गिलास गर्म पानी के साथ एक चम्मच त्रिफला पाउडर ले सकते हैं।

## गाउट का आयुर्वेदिक उपचार- हल्दी

लगभग सभी आयुर्वेद दवाओं में हल्दी का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें करक्यूमिन होता है, जिसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। हल्दी गठिया का असरदार इलाज है। सूजन और दर्द को कम करने के लिए प्रभावित हिस्से में हल्दी का पेस्ट लगाया जा सकता है, फायदा मिलेगा।

## यूरिक एसिड की रामबाण दवा है अदरक

गाउट या गठिया के रोगियों के लिए निर्धारित हर्बल दवाओं में अदरक मिलाया जाता है। इसमें हाई यूरिक एसिड को कम करने के ताकत होती है। यूरिक एसिड कम करने और इसके लक्षणों को कम करने के लिए आपको अपने खाने और चाय में अदरक का इस्तेमाल करना चाहिए।

## यूरिक एसिड का घरेलू इलाज है गिलोय जड़ी बूटी

गिलोय को मूल रूप से एक ज्वरनाशक जड़ी बूटी कहा जाता है। इसे शरीर में एक्स्ट्रा यूरिक एसिड को बेअसर करने के लिए जाना जाता है। यूरिक एसिड लेवल कम करने के लिए आप एक्सपर्ट की सलाह पर गिलोय जूस ले सकते हैं या इसका पाउडर इस्तेमाल कर सकते हैं।

## यूरिक एसिड की दवा है नीम

नीम को सदियों से औषधीय पौधा माना जाता रहा है। नीम में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो इसे गाउट के उपचार के लिए एक बढ़िया जड़ी बूटी बनाते हैं। अगर आप यूरिक एसिड के मरीज हैं, तो दर्द और सूजन कम करने के लिए प्रभावित हिस्से पर नीम का पेस्ट लगाएं।

# कान फिल्म फेस्टिवल में रेड कार्पेट पर चलेंगी एक्ट्रेस शोभिता

एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला फ्रेंच रिवेरा पर 77वें कान फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियम आइसक्रीम ब्रांड मैग्नम इंडिया का प्रतिनिधित्व करते हुए रेड कार्पेट पर चलेंगी। शोभिता ने कहा, मैग्नम के साथ अपनी यात्रा को कान फिल्म फेस्टिवल में ले जाना रोमांचक है और ब्रांड के साथ मेरे रिश्ते का प्रतीक भी, जहां हम कई खूबसूरत यादें बनाने के साथ-साथ आगे बढ़ते हैं। यह अनुभव मेरे लिए आनंददायक है, क्योंकि यह फैशन, फिल्म और फ्लेवर का आदर्श मिश्रण है। इनके अलावा, शोभिता ट्रॉय सिवान और मुरा मासा जैसे सेलिब्रिटीज के साथ आइसक्रीम ब्रांड की एक्सक्लूसिव पार्टी और लाउंज का हिस्सा भी होंगी।





# कमल हासन और मणिरत्नम के साथ काम करना सुखद अनुभव: अली फजल

कमल हासन स्टारर मणिरत्नम की ठग लाइफ से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कदम रख रहे एक्टर अली फजल ने कहा कि भारतीय सिनेमा के दो दिग्गजों के साथ काम करना उनके लिए एक सुखद अनुभव है। अली ने कहा, मैं ठग लाइफ का हिस्सा बनकर वास्तव में रोमांचित हूं। मुझे विश्वास है कि मैं इस प्रोजेक्ट में अपना बेस्ट दूंगा। कमल हासन के साथ सहयोग करना और उनके साथ विचारों का आदान-प्रदान करना सम्मान की बात है। भारतीय सिनेमा के दो दिग्गजों के साथ काम करना एक सुखद अनुभव है। मुझे इस प्रोजेक्ट में रोल देने के लिए मैं मणि का धन्यवाद करता हूं। मैं स्क्रीन पर रोल निभाने के लिए उत्सुक हूं। फिल्म की शूटिंग रवि के. चंद्रन द्वारा की जाएगी, और म्यूजिक ए आर रहमान द्वारा तैयार किया जाएगा। ठग लाइफ का प्रोडक्शन आधिकारिक तौर पर नई दिल्ली में शुरू हो गया है।

# मैं खुशकिस्मत हूं और यह अहसास बेहद खास है, सिद्धार्थ के साथ सगाई पर अदिति ने बयां की खुशी



अदिति राव हैदरी काफी लंबे वक्त से अभिनेता सिद्धार्थ को डेट कर रही हैं। बीते दिनों अदिति ने सिद्धार्थ के साथ अपनी सगाई का एलान किया। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें दोनों इंगेजमेंट रिंग फ्लॉन्ट करते नजर आए। अब हाल ही में अदिति ने सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते पर खुलकर बात की हैं और खुशी जाहिर की है। अदिति ने कहा कि वे अपनी जिंदगी के सबसे खुशहाल मुकाम पर हैं और सिद्धार्थ के साथ रिलेशनशिप को एंजॉय कर रही हैं। अदिति राव हैदरी ने अपनी सगाई के बारे में बात करते हुए कहा, यह बहुत शानदार पल है।

मैं खुद को खुशकिस्मत मान रही हूं। फिलहाल अदिति राव हैदरी के पास खुश होने की कई वजह हैं। निजी जिंदगी के साथ-साथ प्रोफेशनल फ्रंट पर भी वह शानदार कर रही हैं। उनकी सीरीज हीरामंडी काफी पसंद की जा रही है। संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत में भी अदिति राव हैदरी नजर आ चुकी हैं। अब हीरामंडी में एक बार फिर भंसाली के साथ काम करने का उन्होंने अनुभव साझा किया। अदिति ने कहा, वे पर्दे पर बेहद सुंदर दुनिया बनाते हैं। अपने कलाकारों से भी वह शानदार काम कराने में आगे हैं। यही बात हीरामंडी को इतना खास बनाती है। हीरामंडी में बताने के लिए बहुत सारी कहानियां हैं और हर एक बहुत ही अलग महिला के बारे में है। संजय लीला भंसाली की यह खासियत है कि वे महिला किरदारों और उनकी कहानियों को काफी सम्मान देते हैं।



# श्रीकांत की राह पर चले सैफ अली खान

बॉलीवुड निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी फिल्म में अहम किरदार के लिए सैफ अली खान का नाम फाइनल किया गया है। इस फिल्म में सैफ एक ऐसा किरदार निभाएंगे, जिसे उन्होंने आज से पहले कभी नहीं निभाया है। सैफ अली खान के फिल्मी करियर में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिला है। 2023 में आई सैफ अली खान की 600 करोड़ के बजट में बनी फिल्म आदिपुरुष भी फ्लॉप रही। फिल्मों में दमदार भूमिका निभाने के बाद भी सैफ को उनकी कई फिल्मों में लगातार निराशा ही हाथ लगी है। लेकिन अब लगता है कि निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी फिल्म सैफ अली खान के लिए वरदान साबित हो। इस फिल्म में सैफ एक ऐसा किरदार निभाएंगे, जिसे उन्होंने आजतक कभी नहीं निभाया है।

## कैसा होगा सैफ का रोल

फिल्म श्रीकांत में राजकुमार राव ने एक अंधे व्यक्ति का किरदार निभाया है। वहीं अब सैफ अली खान ने श्रीकांत की राह अपना ली है।

निर्देशक प्रियदर्शन की फिल्म में सैफ एक अंधे व्यक्ति की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग जूलाई और अगस्त के महीने में शुरू की जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म की शूटिंग को प्रियदर्शन सिर्फ 40 दिनों में ही खत्म कर देंगे।

## प्रियदर्शन की आने वाली फिल्में

हेरा फेरी, गरम मसाला, भागमभाग, चुप चुप के और भूल भुलैया जैसी फिल्मों का निर्देशन करने वाले निर्देशक प्रियदर्शन की दो फिल्में इस साल रिलीज होंगी। पहली मलयामल फिल्म है, जिसे वह अक्षय कुमार के साथ बना रहे हैं।

दूसरी फिल्म सैफ अली खान के साथ बनाने का फैसला लिया है। प्रियदर्शन ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक से बढ़कर एक फिल्मों का निर्देशक किया है।



# प्रभास ने शुरू की कन्नप्पा की शूटिंग

फिल्म निर्माता और साउथ अभिनेता विष्णु मांचू अपनी महत्वकांक्षी परियोजना कन्नप्पा फिल्म को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। कन्नप्पा इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। विष्णु मांचू तेजी से अपनी फिल्म पर काम कर रहे हैं। कुछ दिन पहले, निर्माताओं ने खुलासा किया कि बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। वहीं अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है, जो फिल्म के कलाकार प्रभास को लेकर है। यूं तो प्रभास के किरदार पर कई अपडेट आ चुके हैं, लेकिन अब उनकी शूटिंग के बारे में नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में अक्षय कुमार अपने हिस्सा के दृश्य शूट कर चुके हैं और अब बारी है प्रभास की। प्रभास अपनी आगामी फिल्म कल्कि 2898 एडी को लेकर व्यस्त हैं। अब उन्होंने अपनी दूसरी फिल्म के लिए समय निकाला और कन्नप्पा के शूटिंग सेट पर पहुंच चुके हैं। जी हां, प्रभास अब कन्नप्पा की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। इसकी घोषणा खुद विष्णु मांचू ने की है। इसके साथ ही उन्होंने प्रभास के लुक को लेकर भी फैंस के साथ बड़ी जानकारी साझा की। विष्णु ने अब अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर घोषणा की है कि पैन इंडिया स्टार प्रभास इस पौराणिक फैंटसी ड्रामा की शूटिंग में शामिल हो गए हैं। प्रभास के पैरों को प्रदर्शित करने वाले एक प्री-लुक पोस्टर का अनावरण किया गया। प्रभास के लुक की छोटी सी झलक दी गई है, जिसमें उनके पैरों की झलक है। यह प्रभास के सभी प्रशंसकों के लिए बहुत अच्छी खबर है। हालांकि, प्रभास की भूमिका के बारे में जानकारी गुप्त रखी गई है।

# छोटे पर्दे पर वापसी को तैयार तारक मेहता... फेम राज अनादकट



तारक मेहता का उल्टा चश्मा में टप्पू के किरदार से घर-घर में मशहूर हुए अभिनेता राज अनादकट बीते दो साल से छोटे पर्दे से दूर चल रहे थे। हालांकि, अब उन्होंने फैंस को खुशखबरी देते हुए बताया है कि वे जल्द ही टीवी की दुनिया में वापसी करने जा रहे हैं। अभिनेता ने हाल ही में अपने एक यूट्यूब व्लॉग में खुलासा किया कि वे जल्द ही एक नए शो में नजर आन वाले हैं। इसमें उनके साथ सना अमीन शेख भी दिखेंगी।

हाल ही में एक बातचीत में उन्होंने आगामी गुजराती शो के लिए पर बात करते हुए बताया कि इस शो में वे मुख्य किरदार निभाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे इस शो के लिए उत्साहित होने के साथ ही थोड़ा घबराए हुए भी हैं। अभिनेता ने जानकारी दी है कि वे आगामी शो के सेट पर भी गए थे और जल्द ही अपने व्लॉग पर इसकी एक झलक साझा करेंगे। इस बातचीत में वे अपने किरदार पर कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। हालांकि, उन्होंने लोगों से वैसा ही समर्थन देने की अपील की जैसा उन्हें टप्पू के रोल में मिला था। राज अनादकट को तारक मेहता...में दिलीप जोशी के बेटे का किरदार निभाने की वजह से देशभर में लोकप्रियता हासिल हुई थी।



# एकता कपूर को मिल गई अपनी नई नागिन

टीवी इंडस्ट्री की हर हसीना एकता कपूर के शो नागिन 7 का हिस्सा बनना चाहती हैं। नागिन 7 से जुड़े अपडेट हर दिन देखने को मिलता रहता है। अब कहा जा रहा है कि एकता कपूर को अपनी नई नागिन मिल गई है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रिद्धिमा पंडित एकता कपूर की नागिन 7 का हिस्सा हो सकती हैं। रिद्धिमा पंडित पिछली बार हमारी बहू रजनीकांत नजर आई थीं।



# अनन्या से ब्रेकअप के महीने भर बाद सारा अली खान से जुड़ा आदित्य रॉय कपूर का दिल?

बॉलीवुड के गपशप गलियारों में अटकलें चल रही हैं कि एक्टर आदित्य रॉय कपूर और सारा अली खान शहर के सबसे हॉट नए जोड़े हो सकते हैं। नए सिंगल हंक को उनके डायरेक्टर अनुराग बसु के बर्थडे पर सारा अली खान के साथ देखा गया था, जो फिल्म मेट्रो... इन दिनों में उनकी को-स्टार भी हैं। निर्देशक बुधवार को अपना बर्थडे मना रहे थे और उन्होंने अपना खास दिन अपने कुछ करीबी दोस्तों के साथ मनाया, जिनमें उनकी आगामी फिल्म के लीड एक्टर्स भी शामिल थे। पार्टी से एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें डायरेक्टर अपने मेहमानों को जन्मदिन का केक देने के लिए उनके पास पहुंचते दिख रहे हैं। दोनों के वहां एक साथ होने से उनके कथित अफेयर के बारे में अटकलें तेज हो रही हैं। जबकि कुछ का मानना है कि दोनों सिर्फ एक फिल्म के लिए साथ हो सकते हैं, दूसरों ने यह कहते हुए इसे खारिज कर दिया कि वे सिर्फ को-एक्टर्स हैं। एक फैन ने कहा, वे मेट्रो 2 को एक साथ फिल्मा रहे हैं। यह करण के शो में अनन्या वाले एपिसोड के साथ भी सामने आया था। स्ड्डह्म्ड्ड सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर अनुराग बसु की आगामी फिल्म मेट्रो... इन दिनों में ऑन-स्क्रीन कपल का रोल करेंगे, जो अब 13 सितंबर, 2024 को रिलीज होगी। यह फिल्म अनुराग बसु की 2007 की फिल्म लाइफ इन ए मेट्रो का सीक्वल है। मेट्रो इन दिनों में अनुपम खेर, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेनशर्मा, अली फज़ल और फातिमा सना शेख जैसे कलाकार शामिल होंगे।

# भंसाली की सादगी पर फिदा हैं मनीषा



अभिनेत्री मनीषा कोइराला इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। वे संजय लीला भंसाली के भव्य शो हीरामंडी में मल्लिकाजान की भूमिका में नजर आ रही हैं। दर्शकों को इस शो में उनका किरदार काफी पसंद आ रहा है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान मनीषा अपनी फिल्म खामोशी- द म्यूजिकल के बारे में बातें करती नजर आईं। इस फिल्म का निर्देशन भी संजय लीला भंसाली ने ही किया था। मनीषा कोइराला ने कई साल बाद एक बार फिर से संजय लीला भंसाली के साथ हीरामंडी में काम किया है। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें निर्देशक में कुछ बदलाव महसूस होता है क्या। इस सवाल के जवाब में वे कहती हैं, उनके आसपास और उनके लिए बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन वे अब भी वैसे ही हैं। संजय जरा भी नहीं बदले हैं। उनमें एक सादगी जो खामोशी के वक्त मैंने महसूस किया था वो आज भी है। जब मनीषा कोइराला से संजय लीला भंसाली के गुस्सैल स्वभाव के बारे में पूछा गया तब उन्होंने कहा, पहले ये बताइए गुस्सा किसे नहीं आता। मुझे आता है और मैं करती हूं। हम सब इंसान हैं। पता है दिक्कत क्या है हम मान लेते हैं कि जो मशहूर हैं वे गुस्सा नहीं कर सकते हैं। उन्हें परफेक्ट होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं होता है। गुस्सा, हंसना-रोना सब इंसान होने की निशानी है और संजय भी इंसान हैं।

-साभार एजेंसी

# ज्योति याराजी का बेहतरीन प्रदर्शन, जीता स्वर्ण पदक




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ज्योति याराजी ने भले ही पेरिस ओलंपिक के लिए 2.77 सेकेंड के क्वालीफाइंग मानक को हासिल नहीं किया, लेकिन वह विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की ओर अग्रसर हैं। विश्व एथलेटिक्स की रोड टू पेरिस सूची में ज्योति फिलहाल 26वें स्थान पर मौजूद हैं।

भारत की राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी ज्योति याराजी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को नीदरलैंड के वुष्ट में हैरी शुल्टिंग खेलों में सीजन की पहली आउटडोर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। ज्योति ने 100 मीटर बाधा दौड़ में यह उपलब्धि हासिल की।

पिछले साल हांगझू एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली 24 वर्षीय याराजी ने विश्व एथलेटिक्स ई कैटेगरी की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के लिए 12.87 सेकेंड का समय निकाला जो उनके करियर का चौथा सर्वश्रेष्ठ समय है।

ज्योति याराजी ने भले ही पेरिस ओलंपिक के लिए 2.77 सेकेंड के क्वालीफाइंग मानक को हासिल नहीं किया, लेकिन वह विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की ओर अग्रसर हैं। विश्व एथलेटिक्स की रोड टू पेरिस सूची में ज्योति फिलहाल 26वें स्थान पर मौजूद हैं। पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में 40 धावक प्रतिस्पर्धा करेंगे जिनमें से 15 विश्व रैंकिंग के आधार से क्वालीफाई करेंगी, जबकि 25 एथलीट का प्रवेश क्वालीफाइंग मानक से होगा।

### पिछले साल 60 मीटर में जीता था स्वर्ण पदक

ज्योति याराजी का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12.78 सेकेंड का है जो उन्होंने पिछले साल वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के दौरान हासिल किया था। उन्होंने फरवरी में तेहरान में एशियाई इंडोर चैंपियनशिप में 60 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया था।

## पेरिस ओलंपिक: ओलंपिक के लिए इन नामी जोड़ियों के साथ तैयारी करेंगे सात्विक-चिराग, देश में ही करेंगे प्रैक्टिस




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सात्विक और चिराग ने विदेश की बजाय देश में ओलंपिक की तैयारियां करने का फैसला लिया है। अलेक्जेंडर डन और एडम हाल के साथ सात्विक और चिराग 22 से 30 जून तक मुंबई में तैयारियां करेंगे, जबकि आगुंग और एंग्रियावान के साथ दोनों पांच से 20 जुलाई तक हैदराबाद में तैयारियां करेंगे। पेरिस ओलंपिक में पदक की दावेदार राष्ट्रमंडल और एशियाड स्वर्ण विजेता बैडमिंटन जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को ओलंपिक की तैयारियां दो नामी विदेशी जोड़ियां कराएंगी। ये दोनों जोड़ियां यूरोपियन चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता स्कॉटलैंड के अलेक्जेंडर डन-एडम हाल और थॉमस कप पदक विजेता इंडोनेशिया के रेन आगुंग-बेरी एंग्रियावान हैं। सात्विक-चिराग इन दोनों जोड़ियों के साथ पेरिस की तैयारियां मुंबई और हैदराबाद में अंजाम देंगे। दोनों ही जोड़ियों को सात्विक-चिराग और उनके डेनमार्क के कोच मथायस बोए की सिफारिश पर बुलाया जा रहा है। साई ने दोनों की तैयारियों के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है, जिस पर तकरीबन साढ़े छह लाख रुपये का खर्च आएगा।

### जून और जुलाई आएंगी विदेशी जोड़ियां

सात्विक और चिराग ने विदेश की बजाय देश में ओलंपिक की तैयारियां करने का फैसला लिया है। अलेक्जेंडर डन और एडम हाल के साथ सात्विक और चिराग 22 से 30 जून तक मुंबई में तैयारियां करेंगे.

संक्षिप्त समाचार



ÅðÚÕÜ ÅðÚçÙ

## क्वार्टरफाइनल में हारीं मनिका बत्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह चार प्रयासों में इस प्रतिद्वंद्वी पर मनिका की पहली जीत थी। इस समय विश्व रैंकिंग में 39वें नंबर पर काबिज मनिका इस प्रदर्शन के बाद शीर्ष 25 में पहुंच जाएंगी। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा का यहां ग्रैंड स्मैश टूर्नामेंट में शानदार सफर गुरुवार को महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जापान की हिना हयाता से 1-4 से हारकर समाप्त हो गया। इससे पहले वह एलीट डब्ल्यूडब्ल्यूटी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनी थीं।वह इस लय को क्वार्टरफाइनल में जारी नहीं रख सकीं और दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी हयाता से 11-7 6-11 4-11 11-13 2-11 से हार गईं। प्री क्वार्टर में उन्होंने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी नीना मिट्टेलहम को हराया था। दूसरे दौर में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग मान्यु को हराने के बाद बत्रा ने जर्मनी की नीना को 22 मिनट में 11-6, 11-9, 11-7 से मात दी। यह चार प्रयासों में इस प्रतिद्वंद्वी पर मनिका की पहली जीत थी। इस समय विश्व रैंकिंग में 39वें नंबर पर काबिज मनिका इस प्रदर्शन के बाद शीर्ष 25 में पहुंच जाएंगी।



टी20 विश्व कप में नहीं चुने गए

## न्यूज़ीलैंड के बल्लेबाज़ कॉलिन मुनरो ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** टी20 विश्व कप में जगह नहीं बना पाने वाले न्यूज़ीलैंड के बल्लेबाज़ कॉलिन मुनरो ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 2020 से ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने वाले मुनरो ने खुद को विश्व कप के लिए उपलब्ध घोषित किया था। न्यूज़ीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने पिछले दिनों टीम की घोषणा करते हुए कहा था कि मुनरो के नाम की चर्चा तो हुई थी, लेकिन इस बाएं हाथ के बल्लेबाज़ की जगह नहीं बन पाई।

37 वर्षीय मुनरो के नाम न्यूज़ीलैंड के लिए 123 अंतर्राष्ट्रीय मैच दर्ज है और वह पिछले चार साल से सिर्फ़ फ़्रैंचाइज़ क्रिकेट खेल रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वह आगे भी फ़्रैंचाइज़ क्रिकेट खेलते रहेंगे।

मुनरो ने कहा, न्यूज़ीलैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलना मेरे करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रही है और मुझे हमेशा इस पर गर्व रहेगा। मुझे उम्मीद थी कि फ़्रैंचाइज़ क्रिकेट के फ़ॉर्म से मैं टीम में वापस लौटूंगा, लेकिन चूंकि अब ऐसा नहीं होने वाला इसलिए मैं आधिकारिक रूप से संन्यास की घोषणा करता हूं। मुनरो ने न्यूज़ीलैंड के लिए एक टेस्ट, 57 वनडे और 65 टी20 खेले हैं और उनके नाम वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ एक टी20 मैच में शतक भी दर्ज है। उन्होंने श्रीलंका के ख़िलाफ़ 14 गेंदों में अर्धशतक लगाया था, जो कि राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

ऑलराउंडरों की बल्ले-बल्ले?

## आईपीएल से इंपैक्ट प्लेयर की होगी छुट्टी



**मुंबई, एजेंसीं।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि आईपीएल में इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था और सभी हितधारक चाहेंगे तो इस पर पुनर्विचार किया जा सकता है। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम के कारण इस बार आईपीएल में आठ बार 250 से अधिक का स्कोर बना। खिलाड़ियों, कोचों और विशेषज्ञों ने भी बारंबार कहा है कि गेंदबाजों पर इस नियम का विपरीत असर हो रहा है क्योंकि इससे टीमों को अतिरिक्त बल्लेबाज मिल रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हरफनमौलाओं को इस नियम की वजह से गेंदबाजी के मौके नहीं मिल रहे।

शाह ने बीसीसीआई कार्यालय में चुनिंदा मीडिया से बातचीत में कहा, 'इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था। वैसे इससे दो भारतीय खिलाड़ियों को खेलने का अतिरिक्त मौका मिल रहा है। क्या यह महत्वपूर्ण नहीं है। खेल भी और प्रतिस्पर्धी हो रहा है।' शाह ने कहा कि टी20 विश्व कप के बाद सभी पक्ष मिलकर इस पर बात करेंगे। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों को लगता है कि यह सही नहीं है तो हम इस पर बात करेंगे। अभी तक किसी ने ऐसा कुछ कहा नहीं है। आईपीएल और विश्व कप के बाद बैठक में तय किया जाएगा।'

उन्होंने कहा, 'विश्व कप के बाद हम खिलाड़ियों, टीमों और प्रसारकों से मिलकर भविष्य के बारे में फैसला लेंगे।

यह स्थायी नियम नहीं है और मैं यह भी नहीं कह रहा कि हम इसे खत्म कर देंगे।' शाह ने यह भी कहा कि टी20 विश्व कप खेलने जा रहे भारतीय आईपीएल खिलाड़ियों को आराम की जरूरत नहीं है क्योंकि प्रतिस्पर्धा ही सर्वश्रेष्ठ तैयारी होती है।

उन्होंने कहा, 'आराम की क्या जरूरत है। यह अभ्यास सत्र की तरह ही है। इससे बेहतर तैयारी क्या हो सकती है। आपके सामने बेहतरीन टीम है जिसमें एक गेंदबाज न्यूजीलैंड का, एक ऑस्ट्रेलिया का, एक श्रीलंका का है। अगर हम एक गेंदबाज को आराम देते हैं तो उसे ट्रेविस हेड को गेंदबाजी का मौका नहीं मिलेगा। जब जसप्रीत बुमराह उसे गेंदबाजी करेगा तो ही समझ में आएगा कि उसे कैसे गेंद डालनी है।' शाह ने यह भी कहा कि बोर्ड का फोकस महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए मैचों की संख्या बढ़ाने पर भी है।

उन्होंने कहा, 'महिला क्रिकेट का ख्याल भी पुरुष क्रिकेट की तरह रखा जा रहा है। बांग्लादेश में विश्व कप होना है और हम द्विपक्षीय सीरीज भी खेल रहे हैं।'

## भारतीय महिला टीम का बांग्लादेश का 5-0 से क्लीन स्वीप

### पांचवें टी-20 मैच में 21 रन से हराया, राधा ने लिए 3 विकेट लिए




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सिलहट में खेले गए आखिरी टी-20 मैच में बांग्लादेश को 21 रन से हराया। इसके साथ ही पांच टी-20 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। इस मैच में भारत ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग का फैसला किया।

भारतीय महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश टीम 135/6 रन ही बना सकी। भारत ने इस सीरीज को 5-0 से अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम ने 5 टी-20 मैचों की सीरीज पर 5-0 से कब्जा जमाया।

### हेमलता और हरमन के बीच 60 रन की साझेदारी

भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारत को पहला झटका 25 रन के स्कोर पर लगा। शेफाली वर्मा 14 गेंदों पर 14 रन बना कर आउट हो गईं। दूसरा विकेट 62 रन पर गिरा। स्मृति मंधाना ने 25 गेंदों पर 33 रन बनाए।

डी हेमलता ने पहले मंधाना के साथ 37 रन की पार्टनरशिप की और उसके बाद हरमनप्रीत कौर के साथ तीसरे विकेट के लिए 40 गेंदों पर 60 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्कोर देने में अहम भूमिका निभाई।

### बांग्लादेश की शुरुआत खराब

157 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 19 रन पर ओपनर शेभना मोस्ट्री आउट हो गईं। उन्होंने 9 गेंदों का सामना कर 13 रन बनाए। वहीं दिलारा अख्तर भी 4 रन बना कर पवेलियन लौट गईं। 48 रन के स्कोर पर बांग्लादेश के 4 विकेट गिर गए। जिसके बाद रितु मोनी और शोरफिया खातून ने बांग्लादेश की पारी को संभाला और छठे विकेट के लिए 41 गेंदों पर 57 रन की पार्टनरशिप की और टीम को संकट से उभारने की कोशिश की।

मोनी ने 37 रन और शोरिफा खातून ने नाबाद 28 रन की पारी खेली, पर वह टीम को जीत नहीं दिला सकी। बांग्लादेश 6 विकेट पर 135 रन ही बना सकी।

### राधा यादव ने लिए तीन विकेट

राधा यादव ने 4 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट लिए। उनके अलावा आशा शोभना ने 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट लिए। राधा यादव ने पूरी सीरीज में 10 विकेट लिए।



## आईपीएल डेब्यू पर ही विदवथ कावेरप्पा ने किया कमाल

### लंबे समय के बाद मिला मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 2024 में भारत के कई युवा खिलाड़ियों ने अब तक अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। खास तौर पर इस सीजन युवा तेज गेंदबाजों ने कई मैचों में कमाल का प्रदर्शन किया। ऐसा ही कुछ पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान भी देखने को मिला। जहां लंबे इंतजार के बाद, कर्नाटक के उभरते तेज गेंदबाज विदवथ कावेरप्पा को गुरुवार, 9 मई को आईपीएल में डेब्यू करने का मौका मिला.

### विराट कोहली को किया परेशान

पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने उन्हें आरसीबी के खिलाफ खेलने का मौका दिया और उन्हें नई गेंद से गेंदबाजी करने के लिए बुलाया। जहां उन्होंने यह साबित किया कि उन्हें घरेलू क्रिकेट में इतना ऊंचा दर्जा क्यों दिया जाता है। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इस सीजन के सबसे शानदार बल्लेबाज विराट कोहली को शुरुआती ओवर में काफी परेशान किया और कोहली ने उनकी गेंद पर एक गलती भी की थी।

# अगर द्रविड़ दोबारा आवेदन करना चाहते हैं, तो कर सकते हैं: बीसीसीआई

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने पुष्टि की कि भारत की पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच की नियुक्ति प्रक्रिया आने वाले सप्ताह में शुरू होने वाली है। शाह ने यह भी कहा कि मौजूदा मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अगर अपना कार्यकाल बढ़ाना चाहते हैं तो इस पद के लिए दोबारा आवेदन कर सकते हैं। शाह ने मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में बातचीत के दौरान कहा, हम अगले कुछ दिनों में आवेदन मंगाएंगे। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल जून में खत्म हो रहा है।

अगर वह दोबारा आवेदन करना चाहते हैं, तो कर सकते हैं। बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच जैसे कोचिंग स्टाफ का फैसला नए कोच के परामर्श के बाद किया जाएगा। पिछले नवंबर में वनडे विश्व कप के फाइनल में भारत की हार के बाद उनका दो साल का अनुबंध समाप्त होने के बाद द्रविड़ को टी20 विश्व कप तक अल्पकालिक विस्तार दिया गया था। शाह ने यह भी पुष्टि की कि नए मुख्य कोच को 2027 में वनडे विश्व कप तक कार्यभार संभालने की पेशकश की जाएगी। हालाँकि, शाह ने एक विदेशी कोच की संभावना से इंकार नहीं किया और इस मुद्दे को खुला छोड़ दिया, यह संकेत देते हुए कि बोर्ड के विभिन्न प्रारूपों के लिए अलग-अलग कोचों पर विचार करने की संभावना नहीं है, यह प्रणाली इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) जैसे बोर्ड द्वारा अपनाई गई है और यहां तक कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में भी है । हम तीन साल के लिए एक दीर्घकालिक कोच की तलाश कर रहे हैं। हम यह तय नहीं कर सकते कि नया कोच भारतीय होगा या विदेशी। यह सीएसी पर निर्भर करेगा और हम एक वैश्विक संस्था हैं। यह निर्णय भी वही करेगा सीएसी में विराट कोहली, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत जैसे कई ऑल-फॉर्मेट खिलाड़ी हैं, इसके अलावा, भारत में ऐसी स्थिति की कोई मिसाल नहीं है।



पूर्व बल्लेबाज अशोक मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली और जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक सहित तीन सदस्यीय क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) को राष्ट्रीय चयनकर्ता की लंबी नियुक्ति को अंतिम रूप देना होगा और उससे पहले कुछ साक्षात्कार पहले ही हो चुके हैं। शाह ने कहा, चयनकर्ता पद के लिए कुछ साक्षात्कार पहले ही हो चुके हैं। नाम को अंतिम रूप देने के लिए सीएसी एक सप्ताह में बैठक करेगी और हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे।

शाह ने लाल गेंद वाले क्रिकेट के महत्व पर भी जोर दिया लेकिन कहा कि व्यक्तिगत राज्य संघ यह तय करेंगे कि अपने घरेलू खिलाड़ियों को अधिक भुगतान करना है या नहीं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने खुलासा किया कि केंद्रीय अनुबंध में ए ग्रेड प्राप्त करने वाले हार्दिक पांड्या ने घरेलू सफेद गेंद क्रिकेट में भाग लेने के लिए सहमति दे दी है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि घरेलू क्रिकेट लीग संरचना का जल्द ही खुलासा किया जाएगा और बेंगलुरु के हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) अगस्त में व्यवसाय के लिए खुलेगी। आईपीएल के 2023 संस्करण में पेश किए गए इम्पैक्ट प्लेयर नियम से जुड़े विवादों के बीच, जय शाह ने कहा कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम एक परीक्षण मामले के रूप में लाया गया था। अच्छी बात यह है कि यह हर मैच में दो और भारतीय खिलाड़ियों को खेलने का अतिरिक्त अवसर प्रदान कर रहा है।

हम फ्रेंचाइजी कप्तानों, खिलाड़ियों, फ्रेंचाइजी और प्रसारकों से परामर्श करेंगे और फिर भविष्य के बारे में निर्णय लेंगे। यह कोई स्थायी नियम नहीं है और न ही मैं यह कह रहा हूं कि हम इससे आगे बढ़ेंगे।

इस साल के अंत में शाह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष के रूप में ग्रेग बार्कले की जगह लेने की भी उम्मीद है, इन अटकलों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, अटकलें होने दीजिए। मुझे यहीं (बीसीसीआई में) रहने दीजिए। क्या मैं (बीसीसीआई सचिव के रूप में) अच्छा काम नहीं कर रहा हूं?

संक्षिप्त समाचार

## चेन्नई में देश की पहली सफल रोबोटिक साइटोरडक्टिव सर्जरी सफल



**चेन्नई।** चेन्नई के अपोलो कैंसर सेंटर (एसीसी) के कैंसर रोग विशेषज्ञों ने अपेंडिक्स कैंसर स्यूडोमाइक्सोमा पेरिटोनी (पीएमपी) के लिए हाइपरथर्मिक इंट्रापेरिटोनियल कीमोथेरेपी (एचआइपीईसी) के साथ भारत की पहली रोबोटिक साइटोरडक्टिव सर्जरी (सीआरएस) सफलतापूर्वक की।

साइटोरिडक्टिव सर्जरी (सीआरएस) एक सर्जिकल प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य ट्यूमर वाले रोगियों के पेट में फैलने वाली कैंसर कोशिकाओं को कम करना है।

**10 लाख लोगों में से दो लोगों में होती है स्यूडोमाइक्सोमा पेरिटोनी–** स्यूडोमाइक्सोमा पेरिटोनी एक दुर्लभ बीमारी है और यह 10 लाख लोगों में से महज दो लोगों में होती है। 51 वर्ष की एक महिला रोगी के गर्भाशय में गांठ थी। इस पर उसके गर्भाशय, अंडाशय, अपेंडिक्स और ओमेंटम के हिस्से को हटाने सहित व्यापक सर्जरी की गई थी।

## दुबई से भारतीय यात्रियों को लेकर जमैका पहुंचा विमान वापस भेजा गया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कई भारतीय यात्रियों को लेकर दुबई से उड़ान भरने वाले चार्टर्ड विमान को जमैका की राजधानी किंग्स्टन से वापस भेज दिया गया, क्योंकि स्थानीय अधिकारी यात्रियों के दस्तावेजों से संतुष्ट नहीं थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि फ्लाइट और यात्रियों को दुबई लौटने का आदेश दिया गया था और वे सात मई को किंग्स्टन से रवाना हुए थे।

**विदेश मंत्रालय ने क्या कहा–** प्रवक्ता ने कहा कि हम समझते हैं कि भारतीयों के साथ जर्मनी पंजीकृत एक चार्टर्ड उड़ान पर्यटन उद्देश्यों के लिए दो मई को दुबई से किंग्स्टन पहुंची थी। उनके पास पहले से होटल बुकिंग थी। स्थानीय अधिकारी पर्यटक के रूप में उनसे संतुष्ट नहीं थे। उड़ान और यात्रियों को मूल स्थान-दुबई लौटने का आदेश दिया गया। यात्री सात मई को किंग्स्टन से चले गए।

**उड़ान में सवार थे 253 लोग–** जमैका आब्जर्वर की रिपोर्ट में कहा गया है कि उड़ान में 253 विदेशी सवार थे और सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर आव्रजन अधिकारियों ने उन्हें प्रवेश देने से मना कर दिया था। राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय अधिकारी सुरक्षा खतरों और कानून के संभावित उल्लंघनों के लिए नियमित रूप से यात्री उड़ानों की जांच करते हैं।

## एनसीआर के बाद अब दिल्ली में भी दौड़ेगी नमो भारत, चार टनल तैयार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नमो भारत ट्रेन मेरठ दक्षिण स्टेशन तक चलने के बाद इस साल के अंत तक दिल्ली में दौड़ेगी। एनसीआरटीसी ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। आरआरटीएस का प्राथमिक खंड साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक 17 किलोमीटर लंबा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्तूबर 2023 में इस खंड का उद्घाटन किया था। इसके बाद मार्च 2024 से 17 किलोमीटर लंबे और खंड को शुरू किया गया।

वर्तमान में यात्रियों के लिए 34 किलोमीटर लंबे खंड पर ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। एनसीआरटीसी ने मेरठ दक्षिण स्टेशन तक ट्रेन को यात्रियों के लिए चलाने की तैयारी शुरू कर दी है। मोदीनगर नॉर्थ स्टेशन से ट्रेन मेरठ दक्षिण स्टेशन तक और चलेगी। इसके लिए सिस्टम अपग्रेड कर दिया है। फिलहाल ट्रेन को ट्रायल के लिए चलाया जा रहा है। इस माह के अंत तक ट्रेन मेरठ दक्षिण स्टेशन तक चलेगी। इस तरह ट्रेन 42 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर चलेगी।

**दिल्ली–गाजियाबाद के भूमिगत खंड में चार सुरंग तैयार–** दिल्ली और गाजियाबाद के भूमिगत खंड में चार सुरंग हैं। चारों सुरंग का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। दो सुरंग आनंद विहार स्टेशन से न्यू अशोक नगर स्टेशन की दिशा में बनाई हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम ने गाजियाबाद खंड में सुरंग बनने के बाद उससे बाहर निकलने के लिए रैंप का निर्माण भी पूरा कर लिया है।

# अब अरावली रेंज में खनन के नए पट्टों के लिए सुप्रीम कोर्ट की अनुमति जरूरी

### सुप्रीम कोर्ट ने उठाया सख्त कदम; कमेटी गठित करने का दिया निर्देश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अरावली रेंज में बढ़ते खनन पर रोक लगाने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अहम फैसला दिया। अब राज्यों को अरावली रेंज में खनन के नए पट्टे देने अथवा पुराने पट्टों के नवीनीकरण के लिए सुप्रीम कोर्ट से अनुमति लेनी होगी। कोर्ट ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान व गुजरात में फैली अरावली रेंज को परिभाषित करने के लिए वन मंत्रालय के सचिव की अगुवाई में कमेटी बनाने का भी निर्देश दिया।

यह कमेटी दो महीने के भीतर कोर्ट को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। अब मामले की अगली सुनवाई अगस्त में होगी। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस अभय एस ओका की पीठ ने अरावली रेंज में बढ़ते खनन से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया। इस



दौरान शीर्ष अदालत ने राजस्थान सरकार की ओर से अरावली रेंज में खनन को लेकर तय की गई नीति पर भी सवाल उठाए।

### कमेटी दो महीने के भीतर दे अपनी रिपोर्ट

पीठ ने कहा कि कमेटी में चारों राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ भारतीय वन सर्वेक्षण व भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण के भी प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। कोर्ट ने कमेटी को दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट देने को कहा है। इसके साथ ही पीठ ने अरावली रेंज में खनन के लिए चारों राज्यों को एक जैसे मानक तैयार करने के निर्देश दिए। मौजूदा समय में अरावली रेंज से जुड़े दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान व गुजरात में खनन को लेकर अलग-अलग नियम है।

### सौ मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन की मंजूरी

राजस्थान सरकार की नीति के तहत सौ मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन की मंजूरी दी जा रही है। कोर्ट ने कहा कि जब ऊंची पहाड़ियों के आसपास की निचली पहाड़ियों को काट दिया जाएगा, तो ऊंची पहाड़ियों अपने आप खत्म हो जाएगी। हालांकि कोर्ट ने न्याय मित्र व वरिष्ठ अधिवक्ता एडीएन राव की खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने की मांग को खारिज कर दिया और कहा कि खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने से अवैध खनन बढ़ेगा। कोर्ट ने चारों राज्यों में फैली अरावली रेंज को परिभाषित करने का भी निर्देश दिया और वन मंत्रालय के सचिव की अगुवाई में कमेटी गठित करने का आदेश दिया।

# प्रज्वल के खिलाफ कोई भी पीड़िता नहीं पहुंची शिकायत दर्ज कराने, महिला आयोग के सामने आए कई महत्वपूर्ण निष्कर्ष



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) में शिकायत दर्ज कराने के लिए कोई भी पीड़िता आगे नहीं आई। एक महिला शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसे जदएस नेता के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर किया गया था। महिला आयोग ने गुरुवार को संबंधित अधिकारियों द्वारा समय पर कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) प्रस्तुत करने से कई महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आए हैं। इसने कहा कि मामले की गहन जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआइटी) समिति का गठन किया गया है।

### एसआइटी नहीं कर रही है निष्पक्ष जांच

कुमारस्वामीजदएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ जांच कर रही एसआइटी रास्ते से भटक रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा वह चाहते हैं कि दोषियों को कानून के अनुसार सजा मिले, उन्होंने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा गठित एसआइटी की जांच की प्रगति पर सवाल उठाए। कुमारस्वामी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि मुझे हर रोज आप सभी को संबोधित करना पड़ रहा है। कुछ सरकारी अधिकारियों के निर्णय और आदेश संदिग्ध हैं। उन्होंने कहा कि कानून से बड़ा कोई नहीं है। अगर किसी ने गलत किया है तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी।

### सीबीआइ जांच की सिफारिश करने की हुई मांग

वहीं, जदएस ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत को ज्ञापन सौंपकर प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों की सीबीआइ जांच की सिफारिश करने की मांग की। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के नेतृत्व वाली पार्टी ने दावा किया कि मामले की जांच कर रही एसआइटी से निष्पक्ष जांच की उम्मीद करना असंभव है, क्योंकि यह राज्य सरकार द्वारा प्रभावित और गुमराह किया जा रहा है।

### तीन हजार वीडियो के प्रसार के पीछे मास्टरमाइंड

पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व में पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार प्रज्वल द्वारा कथित तौर पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने के लगभग तीन हजार वीडियो के प्रसार के पीछे मास्टरमाइंड हैं। उन्होंने राज्यपाल से अनुरोध किया कि वे मुख्यमंत्री सिद्दरमैया को उप मुख्यमंत्री को कैबिनेट से हटाने की सलाह दें।

### सुनवाई 13 मई तक के लिए स्थगित

वहीं, बेंगलुरु की की विशेष अदालत ने अपहरण के मामले में जदएस विधायक एचडी रेवन्ना की जमानत याचिका पर सुनवाई 13 मई तक के लिए स्थगित कर दी। राष्ट्रीय महिला आयोग ने प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित अश्लील वीडियो मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की। एनसीडब्ल्यू ने एक बयान में कहा कि हालिया घटनाक्रम ने उसे तेज और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया है। एनसीडब्ल्यू ने राज्य के डीजीपी को पत्र लिखकर मामले में तीन दिनों के भीतर तत्काल कार्रवाई और जवाबदेही तय करने का आग्रह किया है।

### महिला के अपहरण के मामले में चार और लोग हिरासत में

प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के मामलों की जांच के लिए एसआइटी ने एक महिला के अपहरण के मामले में चार और लोगों को हिरासत में लिया है। एसआइटी ने प्रज्वल के पिता और होलेनरसीपुरा के विधायक एच डी रेवन्ना को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है, जो परप्पाना अग्रहारा सेंट्रल जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले में रेवन्ना की भूमिका का पता लगाने के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। ये चारों मैसूरु के कृष्णराजनगर के रहने वाले हैं।

# दिल्लीवालों के लिए एक दिन मुफ्त रहेगी रैपिडो की सवारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्लीवालों के लिए गुड न्यूज है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में नई पहल की जा रही है, जिसके तहत 25 मई को मतदान करने के बाद लोगों को घर तक जाने के लिए दोपहिया वाहन की सुविधा निशुल्क मिलेगी। इसके लिए दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पी. कृष्णमूर्ति और बाइक राइड-शेयरिंग कंपनी रैपिडो अधिकारियों के बीच गुरुवार को सहमति बन गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की तरफ से जानकारी दी गई है कि दिल्ली में रैपिडो के पास करीब आठ लाख बाइक हैं, जो मतदान के दिन लोगों को बूथ से घर तक छोड़ने में मदद करेंगी। कंपनी मतदान के दिन दिल्ली से सटे बाकी शहरों में उपलब्ध अपनी बाइकों का भी राजधानी में उपयोग कर सकती है, ताकि मतदाताओं को घर जाने के लिए आसानी से बाइक उपलब्ध हो सके।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कहना है, हमारी कोशिश है कि दिल्ली में मतदान प्रतिशत बढ़े, जिसके लिए तमाम स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें रैपिडो बाइक सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास भी शामिल है।

**पहले लाने की भी थी योजना–** बताया जा रहा है कि पहले सीईओ कार्यालय चाहता था कि घर से मतदान केंद्र तक लाने और फिर मतदान केंद्र से घर तक मतदाताओं को छोड़ने की सुविधा प्रदान की जाए। कुछ अधिकारियों ने तर्क दिया कि घर से मतदान केंद्र तक मतदाता को ले जाते वक्त किसी भी तरह से वोटर को प्रभावित कर अपने पक्ष में मतदान करने का प्रयास किसी पार्टी, प्रत्याशी और उनके समर्थक द्वारा किया जा सकता है।इसलिए मतदान के बाद बाइक की सुविधा प्रदान की जाए, जिस पर सहमति बनने के बाद अंतिम निर्णय लिया गया है।

# भाजपा कर्नाटक आईटी सेल के संयोजक आपत्तिजनक पोस्ट पर किए गए तलब, जेपी नड्डा के खिलाफ भी समन जारी

**बेंगलुरु।** भाजपा कर्नाटक इंटरनेट मीडिया सेल के संयोजक प्रशांत मकनूर को गुरुवार को पुलिस ने आपत्तिजनक पोस्ट मामले में तलब किया। हालांकि अग्रिम जमानत मिलने के कारण उन्हें छोड़ दिया गया। इस मामले में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी आइटी सेल के राष्ट्रीय प्रमुख अमित मालवीय को समन जारी किए जा चुके हैं।



पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रशांत मकनूर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। हालांकि बाद में उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया। इस मामले में गत पांच मई को कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) की शिकायत पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### चार मई को अपलोड किए गए वीडियो

शिकायत में केपीसीसी ने कर्नाटक राज्य भाजपा के आधिकारिक अकाउंट द्वारा इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर गत चार मई को अपलोड किए गए वीडियो का उल्लेख किया है। इस वीडियो में राहुल गांधी और सिद्दरमैया को एनिमेटेड किरदार के रूप में चित्रित किया गया है। वीडियो में दोनों नेता एक घोसले में मुसलमान लिखा एक अंडा रखते हैं जिसमें पहले से एससी, एसटी और ओबीसी नाम के तीन अंडे रखे थे। फिर मुसलमान अंडे से निकले चूजे को फंड का चारा खिलाया गया और वह संख्या बल में बढ़ता गया और पहले से मौजूद तीन अंडों की जगह ले ली।

# परी चौक के डिजाइन में कई नए बदलाव का प्लान

### ये है मकसद; ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सीआरआरआइ को सौंपा काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जाम से राहत दिलाने के लिए परी चौक को रीडिजाइन कराया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) को सौंपी गई है। सीआरआरआई की टीम ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के समक्ष फिजिबिलिटी रिपोर्ट का दो बार प्रस्तुतिकरण दे चुकी है। कुछ संशोधनों के साथ अंतिम रिपोर्ट अगले माह सौंपे जाने की उम्मीद है।



नोएडा एयरपोर्ट का सबसे ज्यादा फायदा नोएडा और ग्रेटर नोएडा को मिलने जा रहा है। हवाई जहाजों के उड़ान भरने पर बसावट बढ़ने के साथ ट्रैफिक का दबाव भी बढ़ेगा। पहले से ही ट्रैफिक के दबाव से जूझ रहे परी चौक पर स्थिति और अधिक बिगड़ जाएगी। इसको देखते हुए परी चौक का रीडिजाइन कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

पुलिस और ट्रैफिक विभाग द्वारा भी इस संबंध में सुझाव दिए गए हैं। परी चौक का रीडिजाइन तैयार करने के साथ सीआरआरआई की टीम यह भी सर्वे कर रही है कि एयरपोर्ट चालू होने के बाद किस सड़क पर कितना ट्रैफिक होगा। ऐसे स्थिति में ट्रैफिक का दबाव को झेलने में सक्षम होंगी या नहीं। प्राधिकरण सीआरआरआई की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर सड़कों का चौड़ीकरण करेगा। ग्रेटर नोएडा के सिरसा गोलचक्कर से एनएच-24 गाजियाबाद को जोड़ने वाले 130 मीटर सड़क के चौड़ीकरण का काम शुरू भी कर दिया गया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में चार मूर्ति गोलचक्कर पर अंडरपास का निर्माण आगामी जून में शुरू हो जाएगा। इससे ग्रेटर नोएडा वेस्ट में लगने वाले जाम से काफी हद तक निजात मिलेगी। प्राधिकरण के मुताबिक, सड़कों के चौड़ीकरण के अलावा अन्य विकल्प पर भी काम चल रहा है।

### ग्रेटर नोएडा वेस्ट सबसे बड़ी चुनौती

सोसाइटियों के शहर ग्रेटर नोएडा वेस्ट में जाम की स्थिति अभी से पैदा होने लगी है। यह स्थिति तब है, जब सभी सोसाइटियां अभी बनकर तैयार नहीं हुई हैं। ऊपर से नोएडा एयरपोर्ट के ट्रैफिक का दबाव भी रहेगा। ऐसे में जाम की समस्या से निजात दिलाना बड़ी चुनौती होगी।

सीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी ने कहा कि परी चौक के डिजाइन में बदलाव होगा। जून में इस पर काम शुरू हो जाएगा। उन सड़कों को चौड़ी करने का निर्णय लिया गया है, जो सबसे अधिक व्यस्त होंगी।

# पत्नी व बच्चों के होते हुए लिव-इन पार्टनर से संतान चाहता था कैदी, हाईकोर्ट ने कही महत्वपूर्ण बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि भारत का कानून एवं जेल के नियम किसी कैदी को वैवाहिक संबंध बनाने के लिए पैरोल लेने की अनुमति नहीं देते हैं, वह भी अपने लिव-इन पार्टनर के साथ। अदालत ने कहा कि कोई व्यक्ति यह दावा नहीं कर सकता कि अपने/अपनी लिव-इन पार्टनर (जो खुद भी एक दोषी है) से संतान पैदा करना उसका मूल अधिकार है, जबकि लिव-इन पार्टनर का जीवनसाथी जीवित है और उनके बच्चे भी हैं।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा, यहां यह उल्लेख करना भी जरूरी होगा कि मौजूदा कानून किसी को विधिवत पत्नी के साथ संबंध बनाने के लिए भी पैरोल देने की अनुमति नहीं देता है... ऐसे में लिव-इन पार्टनर की बात को तो छोड़ ही दीजिए।

उच्च न्यायालय ने उम्रकैद की सजा काट रहे व्यक्ति को अपनी लिव-इन पार्टनर के साथ यौन संबंध बनाकर अपने वैवाहिक संबंध को पूरा करने और सामाजिक संबंध बरकरार रखने के लिए पैरोल पर रिहा करने से इनकार करते हुए यह टिप्पणी की।

इस व्यक्ति ने शुरुआत में यह खुलासा नहीं किया था कि महिला उसकी लिव-इन पार्टनर है और वह उसकी कानूनन विवाहित पत्नी नहीं है या उसकी (पुरुष) पहले से ही किसी और से शादी हो चुकी है। वहीं याचिका में महिला ने खुद को उसकी पत्नी



बताया है और व्यक्ति ने भी यह खुलासा नहीं किया कि वह अपनी पहली पत्नी से कानूनन अलग नहीं हुआ है, जिसके साथ उसके तीन बच्चे हैं।

अदालत ने कहा, भारत का कानून और दिल्ली जेल के नियम वैवाहिक संबंध बनाने के लिए पैरोल की अनुमति नहीं देते हैं, वह भी लिव-इन पार्टनर के साथ। आगे अदालत ने कहा, दूसरे शब्दों में कहें तो, कानूनन विवाहित पत्नी के जीवित रहते और तीन संतान होने के बावजूद कोई दोषी कानून एवं जेल नियमावली के दायरे में अपने लिव-इन पार्टनर (जो खुद भी एक दोषी है) से बच्चा पैदा करने की मांग को अपना मूल अधिकार नहीं बता सकता।

अदालत ने कहा कि दोषी की लिव-इन पार्टनर, जिसे पत्नी या जीवनसाथी के रूप में कानूनी मान्यता नहीं प्राप्त है, वह दिल्ली जेल नियमों के तहत 'परिवार' की परिभाषा के दायरे में नहीं आती है।

कोर्ट ने बताया कि दिल्ली जेल नियमों के अनुसार, किसी कैदी को अपने पारिवारिक जीवन में निरंतरता बनाए रखने और पारिवारिक और सामाजिक मामलों से निपटने में सक्षम बनाने के लिए पैरोल या छुट्टी दी जा सकती है। एक कैदी के परिवार की परिभाषा में दादा-दादी, माता-पिता, भाई, बहन, पति/पत्नी, बच्चे और पोते-पोतियां शामिल हैं।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेलः purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)